


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 09 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 21 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




# 'दक्षिण' से संजीवनी की तलाश में कांग्रेस

## चुनाव समिति ने दिल्ली भेजा 2 नाम का पैनल, सीनियर नेता हुए एकजुट

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उपचुनाव के जरिए कांग्रेस अपने लिए संजीवनी की तलाश में है। पार्टी की चुनाव समिति ने 2 नामों का पैनल बनाकर दिल्ली भेज दिया है। प्रत्याशी की घोषणा जल्द ही होने की संभावना है। उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के तमाम आला नेता एकजुट हो गए है। इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि प्रत्याशी जो भी हो, सभी को मिलकर कांग्रेस की जीत के लिए भरपूर प्रयास करना है। कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन भी किया गया, जिसमें सभी से संगठित होकर काम करने और कांग्रेस का विधायक बनाने का संकल्प लिया गया। पिछले दिनों राहुल गांधी की टीम ने भी प्रत्याशी को लेकर अपने स्तर पर सर्वे किया था। इस सर्वे की रिपोर्ट भी हाईकमान तक पहुंच चुकी है। हालांकि प्रदेश स्तर पर जिन 2 दावेदारों के नाम दिल्ली भेजे जाने की चर्चा है, उनमें प्रमोद दुबे और आकाश शर्मा के नाम शामिल है। यह भी कहा जा रहा है कि संभव है कि पार्टी युवा चेहरे पर दांव चले।

विधानसभा और लोकसभा चुनावों में बुरी तरह से मात खाने के बाद अब कांग्रेस में नई जान फूंकने की कवायद तेज़ हो गई है। रायपुर दक्षिण का उपचुनाव और उसके बाद होने वाले स्थानीय निकायों के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पार्टी के नेता खूब जोर-आजमाइश कर रहे हैं। चुनावी तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने आशीर्वाद भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं और प्रभारियों से फीडबैक लिया है। इस सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और संगठित होकर काम करने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को इस बार रायपुर दक्षिण से कांग्रेस का विधायक बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस के पास खोने को कुछ नहीं है। भाजपा को इस चुनाव से ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन कांग्रेस के लिए संजीवनी बूटी के समान है। प्रत्याशी की घोषणा भी हाईकमान जल्द करेगा। उपचुनाव की तैयारी विगत दो महीने से शुरू कर दिया गया था। वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 11 माह में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था, भाजपा की वायदाखिलाफी, सरकार का कुशासन बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। कार्यकर्ताओं को मजबूती और ईमानदारी से मिलकर काम करना है। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी सचिव एसए संपत कुमार, जरिता लैतफलांग और विजय जांगिड़, सभी 253 बूथों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा वरिष्ठ नेता मौजूद थे।




### चेहरा नहीं पार्टी होगी प्रत्याशी

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने कहा कि मुझे पता है कि कांग्रेस की ओर से उपचुनाव में प्रत्याशी कौन है। वो कांग्रेस का कार्यकर्ता होगा। कांग्रेस इस उपचुनाव को जीतती है, तो पार्टी का मनोबल बढ़ेगा। नगरीय निकाय चुनाव में भी इसका फायदा होगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 11 महीने में राज्य सरकार ने कुछ भी कार्य नहीं किया है। प्रदेश में अपराध का ग्राफबढ़ा है। इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जो कार्य किया है, उसे लोगों तक पहुंचाना है। कांग्रेस के पार्षदों को आगे आना होगा ताकि उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिल सके। प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़ गया है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही है। दक्षिण विधानसभा उपचुनाव मिलकर लड़ेंगे। हमें जरूर सफलता मिलेगी। सरकार के खिलाफ बहुत से मुद्दें हैं, जिन्हें लोगों के बीच लेकर जाना है।

### आज-कल में घोषित होगा कांग्रेस प्रत्याशी

वहीं, कांग्रेस ने भी प्रत्याशी चयन की कवायद लगभग पूरी कर दी है। चुनाव समिति की बैठक में आए 14 नामों में से सिर्फ 2 नामों को फायनल कर बंद लिफाफा दिल्ली भेज दिया गया है। खबर है कि आज या कल कांग्रेस प्रत्याशी की भी घोषणा हो जाएगी। एक खबर यह भी है कि पिछले दिनों राहुल गांधी की टीम ने रायपुर क्षेत्र का दौरा किया था और प्रत्याशियों के नाम पर एक विस्तृत सर्वे भी किया था। बताया जा रहा है कि टीम ने दिल्ली लौटने के बाद राहुल गांधी को अपना फीडबैक दे दिया है। माना जा रहा है कि चुनाव समिति की ओर से भेजे गए 2 नामों का मिलान राहुल की टीम के सर्वे में सामने आए नामों के साथ किया जाएगा। बहुत संभव है कि भाजपा प्रत्याशी के सामने कांग्रेस पार्टी युवा चेहरा उतार दे। यदि ऐसा होता है तो भाजपा के लिए मुकाबला काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

### भाजपा प्रत्याशी सोनी 25 को दाखिल करेंगे नामांकन

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी 25 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। सोनी शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान सीएम साय समेत सभी बड़े नेता नामांकन में शामिल होंगे। एकात्म परिसर से कलेक्ट्रेट तक नामांकन रैली निकलेगी। इसके पहले 23 तारीख को शुभ मुहूर्त में पहले सेट का नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा ने रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही भाजपा ने चुनाव के लिए कमर कस ली है। इसी सिलसिले में एकात्म परिसर में बैठक बुलाई गई थी। बैठक में आगे की रणनीति और कार्ययोजना बनाई गई। भाजपा के विधायक रायपुर दक्षिण के मंडलों की कमान संभालेंगे। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। विधायक पुरंदर मिश्रा को सिविल लाइंस, मोतीलाल साहू को पुरानी बस्ती और राजेश मूणत को लाखे नगर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा केदार गुप्ता और अवधेश जैन को सदरबाजार मंडल का प्रभार दिया गया है।

### घंटेभर की बैठक, तय किए 2 नाम

कांग्रेस की चुनाव समिति ने करीब एक घंटे की बैठक के बाद 2 नाम तय किए। समिति के समक्ष 14 नाम बतौर दावेदार सामने आए थे। इसमें प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल और ज्ञानेश शर्मा के नाम को लेकर चर्चा हुई। नेताओं का कहना है कि टिकट को लेकर प्रमोद दुबे और आकाश शर्मा में ही कांटे की टक्कर है। बैठक में शामिल पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष बैज और नेता प्रतिपक्ष डा. महंत को नाम फाइनल कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजने की बात पर सहमति जताई। इसके बाद प्रमोद दुबे और आकाश शर्मा के नाम का पैनल बनाकर बंद लिफाफा दिल्ली भेज दिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश के तीनों सह प्रभारी एसए संपत कुमार, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री गुरू रूद्रकुमार, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, एआइसीसी सचिव राजेन्द्र तिवारी, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार उपस्थित थे। गौरतलब है कि युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने इससे पहले 2018 और 2023 के विधानसभा चुनावों में भी रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से टिकट मांगी थी। युवा चेहरा, ब्राह्मण समाज के वोट बैंक को साधने के लिए पार्टी इन्हें टिकट दे सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में रायपुर सीट के लिए भाजपा से सुनील सोनी और कांग्रेस से प्रमोद दुबे आमने सामने थे। प्रमोद दुबे महापौर, पार्षद रह चुके हैं। वर्तमान में निगम के सभापति पद पर हैं।

## खास-खबर



### कांकेर की मासुलपानी पंचायत को मिलेगा राष्ट्रीय जल पुरस्कार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 22 अक्टूबर को करेंगी सम्मानित

**रायपुर।** जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कांकेर जिले की मासूलपानी ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 22 अक्टूबर को 11 बजे प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के अंतर्गत कांकेर के नरहरपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मासुलपानी को श्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय स्थान के लिए सम्मानित करेंगी।



गौरतलब है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने 14 अक्टूबर को श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की, जिसमें कांकेर जिले की मासुलपानी पंचायत सहित 38 विजेताओं के नाम शामिल है। यह पुरस्कार 9 श्रेणियों में दिए जाएंगे। कांकेर जिले की ग्राम पंचायत मासुलपानी जिला मुख्यालय से 5 किमी की दूरी पर स्थित है। मासुलपानी में 5 राजस्व गांव शामिल हैं और ग्राम पंचायत का कुल क्षेत्रफ्ल 1429 हेक्टेयर है। मासुलपानी पंचायत में 90 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति की है।

जल संरक्षण के क्षेत्र में मासुलपानी पंचायत ने उल्लेखनीय कार्य किया है। इस ग्राम पंचायत में 161 जल शेड संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 99 फार्म तालाब शामिल हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023 के दौरान पंचायत द्वारा 39 नंबर ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी-सिल्टिंग, 02 कुएं, 02 भूमिगत बांध, 03 गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके चलते लोगों ने सिंचाई के लिए सतही जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। जल संरक्षण और इसके समुचित उपयोग की दिशा में इस नवाचार के लिए जिले की मासुलपानी ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ पंचायतों की श्रेणी में दूसरा स्थान मिला है।

# लेह-लद्दाख में शहीद हुआ छत्तीसगढ़ का बेटा, करवाचौथ के दिन मिली सूचना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के कोड़िया गांव निवासी भारतीय सेना का जवान उमेश कुमार साहू लेह-लद्दाख के बर्फीले पहाड़ों में पर ड्यूटी के दौरान शहीद हो गया। उसके पार्थिव शरीर को सोमवार दुर्ग लाया गया। पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ गृह गांव में उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा, इससे पहले अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

उमेश भारतीय सेना के 19 महार रेजिमेंट में लांस हवलदार था। उनकी ड्यूटी लेह-लद्दाख में लगाई गई थी। बर्फीले पहाड़ों पर ड्यूटी करने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने उनका इलाज किया, लेकिन लगातार शरीर में ऑक्सीजन की कमी के चलते 19 अक्टूबर की देर शाम दम तोड़ दिया। करवा चौथ के दिन उनकी पत्नी को शहादत की सूचना मिली। बताया जा रहा है कि उमेश साहू की जहां ड्यूटी लगी थी वो इलाका काफी ऊंचाई वाला क्षेत्र था। वहां ऑक्सीजन की कमी थी। इसी के चलते उसकी तबीयत बिगडने लगी। ड्यूटी पर तैनात साथी जवानों ने तुरंत उन्हें मेडिकल पोस्ट पहुंचाया, वहां इलाज शुरू किया गया, लेकिन जान नहीं बच पाई। उमेश दस साल पहले आर्मी में भर्ती हुए थे। तब से वो लगातार देश की सेवा में तैनात रहे।



### पूजा की तैयारी कर रही थी पत्नी और आई खबर

20 अक्टूबर को उमेश साहू की पत्नी करवाचौथ के पूजा की तैयारी कर रहीं थी लेकिन उससे पहले ही जिला प्रशासन और सेना की तरफ से परिजनों को उनकी शहादत की सूचना दी। उमेश कुछ दिन पहले अपने भाई के दशग्रात्र में घर आया था। जून माह में उसके भाई की मौत हो गई थी। इसके बाद 30 अगस्त को वह ड्यूटी पर वापस लौटा। इस दौरान उमेश की ड्यूटी लेह-लद्दाख में लगाई गई। उमेश के शहीद होने के बाद उसके घर पर अब बुजुर्ग पिता, पत्नी और छोटे बच्चे हैं।

# सीमेंट से भरी ट्रक की चपेट में आए तीन लोगों की मौत

### गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर सोमवार की सुबह दर्दनाक हादसे में एक महिला व बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई। सीमेंट से भरी ट्रक ने महिला, पुरुष व दो बच्चों को चपेट में ले लिया। हादसे में एक बच्ची की हालत गंभीर है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। मौके पर पुलिस बल तैनात है और लोगों को समझाइश दे रही है। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना हादसा सीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर मांडले ढाबा के पास की है। ग्राम ढौर निवासी राजेश साहू (32), अपनी बहन ऋतु साहू (28) व दो भांजियों के साथ कचांदूर में गृहप्रवेश कार्यक्रम में गए थे। कार्यक्रम के बाद वह अपनी बहन व भांजियों को लेकर बाइक से लौट रहा था। इस दौरान रामेश्वरम महादेव मंदिर के पास सीमेंट से भरी ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में राजेश साहू, ऋतु साहू और 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। वहीं दो साल की बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हादसे के बाद आक्रोशित हुए लोग

हादसे के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए और चक्काजाम कर दिया। लोगों की मांग है कि सड़क से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगे। साथ ही मृतको के परिजनों को उचित मुआवजे की मांग भी की गई है। तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और लगातार लोगों को समझाइश दे रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक घटना स्थल पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# दिल्ली सीएम का आलीशान बंगला

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

दिल्ली का 6 फ्लैग स्टाफ रोड बंगला फिलहाल सुर्खियों में है। यह बंगला दिल्ली के मुख्यमंत्री को अलाट किया जाता है। पहले यहां सीएम केजरीवाल रहते थे और अब यहां सीएम आतिशी रहती हैं। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान 1942 में बनाए गए इस बंगले का सितम्बर 2020 से जून 2022 के बीच रिनोवेशन किया गया। यह बंगला दिल्ली के मुख्यमंत्री को आवंटित करने से पहले इसका ऑडिट करवाया गया। जर्जर हो चुकी इमारत के नवीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी ने योजना तैयार की। योजना के तहत 43 l7 करोड़ रुपए से इसे दिल्ली के सीएम के आवास योग्य बनाया गया। विजिलेंस डिपार्टमेंट की 12 मई 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, इस घर पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इससे पहले अप्रैल 2023 में एक रिपोर्ट सामने आई थी। इसके अनुसार भवन के संधारण-नवीकरण पर 44.78 करोड़ रुपए खर्च किये गए थे। 11.3 करोड़ आंतरिक साज सज्जा पर और छह करोड़ रुपए संगमरमर की फ्लोरिंग पर खर्च किये गये थे। एक करोड़ रुपए कंसल्टेंसी पर खर्च हुए थे। केजरीवाल के आवास खाली करने और आतिशी के कब्जा लेने के बीच पीडब्ल्यूडी ने भवन की इंवेंट्री लिस्ट बनाई। इसके अनुसार 11 फ्लैग स्टाफरोड बंगले में 64 लाख रुपए के वॉयस कंट्रोल्ड 16 अल्ट्रा स्लिम स्मार्ट 4 टीवी, 19.5 लाख रुपए की स्मार्ट एलईडी, 9.2 लाख की फ्री स्टैंडिंग ल्यूमिनरी, 4 लाख रुपए का ओसाडा फुल बॉडी मसाज चेयर, 10 लाख का रेक्लाइनर सोफा, 10 लाख के 8 मोटराइज्ड रेक्लाइनर सोफा, 4.5 लाख रुपए बॉश लाउडस्पीकर, 9 लाख रुपए के इनबिल्ट टीवी और एआई विजन स्क्रीन के साथ 2 स्मार्ट रेफ्रिजरेटर, 9 लाख रुपए 73 लीटर स्टीम अवन, 6 लाख रुपए का 50 लीटर माइक्रोवेव अवन, 6 लाख रुपए के 2 माउंटेड हुड स्टेनलेस स्टील चिमनी, 2.5 लाख रुपए का बॉश सिरीज 8 काफी मशीन, 22.5 लाख के 3 हॉट वाटर जेनरेटर एयर टु वाटर हीट पंप, शामिल थे। सबसे ज्यादा आलीशान थी यहां की सैनेटरी फिटिंग। 15 करोड़ रुपए खर्च कर सुपीरियर वाटर सप्लाई और सप्लाई इंस्टॉलेशन किया गया था। 2.1 लाख का आटोमैटिक वॉशिंग मशीन विथ ड्रायर, 1.2 करोड़ का एसएस रेलिंग, सीढ़ी कवरिंग, 10 लाख रुपए के 20 ग्रैंड एज्ड ब्रास एंट्रेंस स्कॉन्स आउटडोर लाइट्स, 70 लाख रुपए के आटोमैटिक स्लाइडिंग सेंसर के साथ लकड़ी और कांच के दरवाजे, 36 लाख के सजावटी खंभे, 4 करोड़ के पर्दे आदि शामिल हैं। सबसे ज्यादा चर्चा में है ऑटोमैटिक सेंसर वाली टोटो स्मार्ट टॉयलेट। यह ऑटोमैटिक ओपन क्लोज, हीटिंग, रिमोट डियोडोराइजर और ऑटोमैटिक फ्लशिंग से लैस हैं। इस तरह की एक टॉयलेट सीट की कीमत 10-12 लाख रुपए है। इस तरह के 15 टॉयलेट सीट सीएम हाउस में लगे हैं। सीएम हाउस दिल्ली के सीएम का बंगला है। यह केजरीवाल या आतिशी या भविष्य में आने वाले किसी भी मुख्यमंत्री का निजी बंगला नहीं है। 18 महीने बाद यह सूची अब दूसरी बार सामने आई है। इसकी वजह समझना मुश्किल नहीं है।



## संपादकीय

# डेंगू और हवा

बदलते मौसम के साथ मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ता चला जा रहा है। अकेले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,000 से ज्यादा डेंगू मरीज इलाज लाभ ले रहे हैं। यहां यह ध्यान रखने की बात है कि सरकार के पास दर्ज मामलों से कहीं अधिक लोग बीमार हैं। साफ-सुथरा कहलाने वाले एनएमडीसी क्षेत्र में भी मच्छरों का प्रकोप सोचने पर मजबूर करता है। पूरे देश का अनुमान कुछ बड़े शहरों को देखकर लगाया जा सकता है। बंगलुरु जैसा शहर भी परेशान है। केरल में सर्वाधिक मामले हैं और मरने वालों की संख्या भी वहां ज्यादा है। डेंगू के मामले मुंबई को भी चिंतित कर रहे हैं और कोलकाता में भी चिंता है। वैसे, यह जाते मानसून और सूखते पानी का मौसम है, तो मच्छरों की संख्या का बढ़ना स्वाभाविक है, अत: जहां भी प्रकोप ज्यादा है, वहां प्रशासन को ज्यादा मुस्तैदी से बचाव के कदम उठाने चाहिए, लेकिन क्या ऐसा हो रहा है? पंचकुला और उसके आसपास के शहरों में तो 1,800 से ज्यादा डेंगू मरीज हैं, यहां तक कि स्थानीय अदालत को भी हस्तक्षेप करना पड़ा है। क्या देश के बाकी जगहों पर भी स्थानीय प्रशासन तभी जागेगा, जब अदालतों में फटकार पड़ेगी?

> *ऐसा नहीं है कि डेंगू से केवल उत्तर या दक्षिण भारत ही ज्यादा परेशान है। मणिपुर के आंकड़ों पर जरा गौर कीजिए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मणिपुर में डेंगू के मामलों में बहुत वृद्धि देखी गई है। वहां लगभग दो हजार लोग इससे ग्रस्त हो चुके हैं और चार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। लखनऊ भी चिंतित है और पटना भी। वैसे यह गौर करने की बात है कि पिछले वर्ष ज्यादा मामले पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार में आए थे, लेकिन इस बार क्या इन राज्यों में मामले ढंग से दर्ज नहीं हो रहे हैं?*

आंकड़ों और अस्पतालों में वास्तविक निगरानी की जरूरत है। डेंगू या मच्छर जनित अन्य बीमारियां छिपाने का विषय नहीं हैं। पूरी दुनिया में प्रकोप देखा जा रहा है। पिछले दो दशकों में इस बीमारी के बढ़ते संक्रमण से चीन भी बहुत परेशान है। यह बीमारी लोगों की उत्पादकता को प्रभावित कर रही है और सुधार में लंबा समय ले रही है। अगर पूरी दुनिया की बात करें, तो 40 प्रतिशत आबादी पर डेंगू का खतरा मंडरा रहा है। प्रति वर्ष करीब 40 करोड़ लोग प्रभावित हो रहे हैं और 21,000 लोग जिंदगी की जंग हार रहे हैं। वैसे, चीन के पास साल 2005 से ही डेंगू का विस्तृत रिकॉर्ड है, क्या भारत के पास भी पूरा रिकॉर्ड है? किसी बीमारी से लड़ने के लिए उसके पुख्ता आंकड़ों का स्पष्ट होना सबसे जरूरी है। आंकड़े ही इशारा करते हैं कि अगर किसी निर्दिष्ट इलाके में ज्यादा प्रकोप हो रहा है, तो समाधान के उपाय क्या हो सकते हैं।

दुर्भाग्य, अपने यहां अदालतों को बोलना पड़ रहा है कि बारिश में उग आई घास को साफ कीजिए, जल भराव को तत्काल दूर कीजिए, गंदगी को बिना समय गंवाए ठिकाने लगाइए। सफाई रखने का रास्ता सबसे आसान है। मच्छरों की आबादी जब बढ़ती है, तब उसे नियंत्रित करना कतई आसान नहीं होता। कितनी ईमानदारी से कीटनाशकों का छिड़काव होता है, क्या इसका अध्ययन हुआ है? क्या कीटनाशकों की गुणवत्ता का सही अध्ययन मौजूद है? एक नजर प्रदूषण पर भी फेरिए। पराली जलने से प्रदूषण की मात्रा और बढ़ गई है। हवा ज्यादा जहरीली हो चली है। मरीजों को बीमारियों से लड़ने में भी परेशानी हो रही है। साफ हवा बीमारियों से लड़ने का बल देती है। वैज्ञानिक भी चेतावनी दे रहे हैं कि हवा साफ कीजिए, वरना रोग बढ़ते चले जाएंगे।

## नजरिया

# बिना किसी संशय के मनाएं 31 को दीवाली

*हिंदू त्योहारों एवं तिथियों विशेष को लेकर प्राय: असमंजस की स्थिति निर्मित होती रही है। सनातन धर्म में एकादशी एवं प्रदोष व्रत के साथ संकष्टी चौथ तथा अन्य पर्वों में अनेक बार एक ही तिथि के दो दिन आने से व्रतियों के लिए संशय का उत्पन्न होना स्वाभाविक है।*

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

पंचांग के अनुसार उदयातिथि और पूर्ण तिथि का व्रत की महिमा के अनुसार महत्व बताया गया है। तिथियो को लेकर प्राय: ज्योतिषियों में भी मतभेद की स्थिति बनती रही है। इसे अधिक अच्छे ढंग से समझने के लिए हम प्रतिवर्ष की जन्माष्टमी तिथि पर नजर दौड़ा सकते हैं। भगवान श्री कृष्ण के जन्म को लेकर किए जाने वाले आयोजन वैष्णव संप्रदाय और स्मारता नाम के संदर्भ में अलग - अलग दिनों में सामने आते रहे हैं। वैष्णव संप्रदाय अर्थात मठाधीशों एवं संन्यासी समाज द्वारा उदयातिथि को महत्व देते हुए पर्व मनाया जाता है। यह गलत भी नहीं है। दांपत्य जीवन व्यतीत करने वालों को स्मारतानाम से संबोधित किया जाता है। इस वर्ग को तिथि वाले दिन पर्व मनाना बताया जाता है। प्राय: पंचांगों में यह स्पष्ट लिखा होता है :- एकादशी (वैष्णवा नाम) एवं एकादशी (स्मारता नाम) इसका अर्थ वही है जो ऊपर बताया गया है। इस वर्ष हिन्दुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को लेकर कुछ ऐसी ही संशय की स्थिति बन रही है। मां लक्ष्मी, सरस्वती एवं कुबेर जी की पूजा अमावस्या तिथि पर किए जाने का प्रावधान है। इस बार 31अक्टूबर को अमावस्या तिथि दोपहर 3 बजे के बाद आ रही है, जो 1 नवंबर को संध्या लगभग सवा छह बजे तक रहेगी।

सवाल यह उठाया जा रहा है कि मां लक्ष्मी की पूजा कब की जाए? 31 अक्टूबर को पर्व मनाया जाए या फिर 1 नवंबर को? देश के अलग-अलग हिस्सों में तिथि और पर्व को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है । बात वहीं आकर अटक रही है कि दोपहर बाद प्रवेश कर रही अमावस्या तिथि को स्वीकार करते हुए 31 अक्टूबर को पूजा की जाए या फिर उदयातिथि को मानते हुए 1 नवंबर को मां लक्ष्मी की आराधना की जाए? वैसे कुछ पर्व ऐसे हैं जिन्हें मनाने के लिए चंद्रमा अथवा काल को ही महत्वपूर्ण माना जाता है। पूर्णिमा तिथि में चंद्रमा की पूजा के चलते चांद को ध्यान में रखा जाता है, फिर पूर्णिमा तिथि संध्या में ही क्यों न आए , उसी दिन पूजा का महत्व होता है। ठीक इसी तरह मां लक्ष्मी की पूजा में अमावस्या काल का बड़ा महत्व हैव। अमावस्या तिथि के रहने पर ही मां की पूजा - आराधना को फलदाई बताया गया है। इस बार 31 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 12 मिनट के आसपास अमावस्या तिथि का आगमन हो रहा है , जो दूसरे दिन 1 नवंबर को संध्या 6 बजे तक रहने वाली है । ऐसे में पूजा के समय 31 अक्टूबर को अमावस्या तिथि होगी। इसलिए 31अक्टूबर को बिना किसी संशय के पूजा करना श्रेयस्कर होगा। इसे लेकर निर्णय सिंधु में भी कहा गया गया है :- पूर्वोत्रैव प्रदोष व्यप्तौ लक्ष्मीपूजवादो पूर्वा अभ्यंग स्नान दौ परा अर्थात यदि कार्तिक अमावस्या दो दिन हो तो उसमें पहले दिन को लेना चाहिए। कारण यह कि अमावस्या प्रदोष और रात्रि व्यापिनी होनी चाहिए जो इस बार 31 अक्टूबर को मिलेगी। दीपावली और मां लक्ष्मी की पूजा 31 अक्टूबर को करना शास्त्र सम्मत है। दूसरी ओर 1 नवंबर को रात्रि में अमावस्या के न होने से पूजा शास्त्र सम्मत नहीं मानी जा सकती है। फ़िर भी यदि 1 नवंबर को करना चाहें तो इसे किसी भी स्थिति में संध्या 6 बजकर 10 मिनट से पूर्व किया जा सकता है।

जहां तक बात करें उदयातिथि की अर्थात सूर्योदय के समय की तिथि की, तो दीपावली पूजन के समय अमावस्या के महत्व को ध्यान में रखते हुए उदयातिथि को मान्यता नहीं दी जा सकती है । यह भी माना जाता है कि अमावस्या की घोर काली रात में मां लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करती हैं। अत: महा निशाकाल में दीपोत्सव और पूजन ही मां लक्ष्मी और मां काली को प्रसन्न करने वाला होता है। हमारे हिन्दू धर्म में सनातियों द्वारा काशी में निर्मित पंचांगों का महत्व ही सर्वोपरि होता है। यह माना जाता है कि काशी में निर्मित पंचांगों का गणित शास्त्रीय विधि से परिपूर्ण होता है। यही कारण है कि निर्णय सिंधु में आए वर्णन 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाने का संकेत कर रहे हैं। पूर्वांचल की तुलना में पश्चिम में सूर्योदय का समय भिन्न होता है। इसी वजह से उदयातिथि को मानने वाले कई स्थानों पर 1 नवंबर को दीपावली मनाने की बात कर रहे हैं , जो शास्त्र सम्मत नहीं है। 31 अक्टूबर को पूर्णकालीन प्रदोष व्यापिनी अमावस्या मिलने के कारण धर्म सिंधु ग्रंथ भी इसी दिन दीपोत्सव मनाने को तर्क संगत मानता है। इन्हीं सारी परिस्थितियों के चलते सम्पूर्ण काशी प्रदेश में 31अक्टूबर को मां महालक्ष्मी का पर्व दीपावली मनाया जायेगा,,यह निर्णय लिया जा चुका है।

1 नवंबर को दीपावली मनाने के पीछे एक तर्क यह भी सामने लाया जा रहा है कि पंचांगों के कृष्ण शास्त्रीय वचनानुसार कार्तिक अमावस्या को सूर्यास्त के समय एक घटी तक अमावस्या तिथि हो अर्थात 24 मिनट तक भी अमावस्या तिथि हो तो उस दिन उस तिथि को माना जा सकता है। इसी तथ्य को लेकर बीकानेर के ज्योतिषियों ने 1 नवंबर को दीपावली मनाना शास्त्र सम्मत माना है। बात अभी भी उलझी हुई है कि कब पर्व मनाना चाहिए ? स्पष्ट बात यह है कि 31अक्टूबर को दोपहर बाद अमावस्या प्रवेश करने और पूरी रात के साथ दूसरे दिन की संध्या छह बजे तक बने रहने पर 31अक्टूबर की रात ही पर्व मनाया जाना चाहिए।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

# गांधी विपक्ष के हैं तो पक्ष के भी हैं

संदीप जोशी

बनारस में जमीन मुद्दे पर सर्व सेवा संघ अहिंसक संघर्ष का नया अध्याय गढने् में लगा है। विकास की चकाचौंध दर्शाने के चक्कर में सरकारी प्रशासन तंत्र वहां की जमीन हड़पने में लगा। महात्मा गांधी के जाने के बाद विनोबा भावे और उनके साथियों ने गांधी विचार के प्रसार-प्रचार के लिए बनारस में सर्व सेवा संघ-साधना केन्द्र बनाया था।

गांधी विपक्ष के हैं तो पक्ष के भी हैं। सत्ता के हैं तो शासित के भी हैं। गांधी अगर विरोधी के हैं तो निर्विरोधी के भी हैं। कांग्रेस के गांधी हैं, तो भाजपा के व आप के भी गांधी हैं। समतावाद के गांधी हैं तो समाजवाद के भी। दक्षिणपंथी के गांधी हैं तो वामपंथी के भी। दलित के भी और सवर्ण के भी गांधी हैं। आस्तिक के गांधी हैं तो नास्तिक के भी हैं। आध्यात्म के गांधी हैं तो वस्तुवाद के भी। सेवानीति के गांधी हैं तो राजनीति के भी हैं। मानव के हैं तो समाज के भी गांधी हैं। सर्वपंथ प्रार्थना करने वाले के गांधी हैं तो सर्वोदय के लिए उपवास करने वाले के भी गांधी हैं। गांधी व्यक्ति भी हैं और महात्मा भी। यहां भी हैं और वहां भी। देश में हैं तो विदेश में भी हैं। यानी गांधी सर्वव्यापी हैं। और व्यक्तिवादी भी। संघर्ष में गांधी हैं तो सहमति में भी गांधी हैं।

पहले वे तुमको अनदेखा करेंगे। फिर तुम पर हंसेंगे। तुमसे लड़ेंगे, तोड़-फोड़ व मार-पीट करेंगे। मगर फिर जीत तुम्हारी होगी। सत्य के आग्रह का यह मंत्र महात्मा गांधी ने न्यायपूर्ण, अहिंसक संघर्ष के लिए पूरे संसार को दिया। बेशक सत्य स्थापित होने में सहनशीलता और समय लगता है।

मगर सिर्फ समय से ही असत्य भी मिटता है। सत्य के लिए संघर्ष तो संयम, परिश्रम, त्याग और करुणा से ही हो सकता है। सत्याग्रह ही सत्य की कुंजी है। देश भर में दो अक्टूबर को गांधी जयंती नए होश, नए जोश और नए उत्साह में मनी। लेकिन आज गांधीजी के अहिंसा के विचार को विश्वशांति के लिए प्रस्तुत करने के बजाए सरकार कुशासन से पूर्ण-सत्ता कायम करने में ही लगी दिखती है। बनारस में जमीन मुद्दे पर सर्व सेवा संघ अहिंसक संघर्ष का नया अध्याय गढने् में लगा है। विकास की चकाचौंध दर्शाने के चक्कर में सरकारी प्रशासन तंत्र वहां की जमीन हड़पने में लगा। महात्मा गांधी के जाने के बाद विनोबा भावे और उनके साथियों ने गांधी विचार के प्रसार-प्रचार के लिए बनारस में सर्व सेवा संघ-साधना केन्द्र बनाया था।

उत्तर रेलवे से नियमानुसार खरीदी जमीन का हस्तांतरण पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के प्रयास, डॉ राजेन्द्र प्रसाद की तकनीकी उपस्थिति और तत्कालीन रेलमंत्री जगजीवन राम की स्वीकृति से हुआ था। इसी परिसर में जेपी के प्रयास से एक विश्वस्तरीय शोध केन्द्र ङ्क गांधी विद्या संस्थान भी बना। प्रकाशन विभाग से गांधी, विनोबा, जेपी, जेसी कुमारप्पा, दादा धर्माधिकारी, जे कृष्णमूर्ति, धीरेन्द्र मजूमदार, आचार्य राममूर्ति, नारायण देसाई, ठाकुरदास बंग एवं आचार्य शिवानंद जैसे विद्वान मनीषियों की पुस्तकें छपती रही।

समाज में विचार के स्वतंत्र विकास में लगी संस्था पर सरकारी प्रशासन ने पिछले साल जुलाई-अगस्त में गैर कानूनी तरीके से जमीन पर कब्जा जमाया। प्रकाशन व शोध के काम में लगे लोगों के करने-रहने के भवन गिराए। वैचारिक विरासत को नष्ट किया। न्याय के लिए लड़ाई विरासत मुक्ति आंदोलन से शुरू हुई है। सौ-दिन का सत्याग्रह ङ्क %न्याय के दीप जलाएं' 11 सितंबर को विनोबा जयंती पर शुरू हुआ। जो गांधी जयंती, जेपी पुण्यतिथि व जयंती, विनोबा पुण्यतिथि, सरदार पटेल जयंती व मानवाधिकार दिवस मनाते हुए 19 दिसंबर तक चलेगा।

कैसे भी अन्याय के विरोध में गांधी की अहिंसक लड़ाई प्रार्थना से शुरू और प्रार्थना पर ही समाप्त होती। दिन भर विरोध करने वालों का उपवास रहता। आपस में बातचीत होती। आते-जाते लोगों को मुद्दे के बारे में बताया जाता। यानी विचार, त्याग व करुणा के अलावा दृढ़ता से विरोध जताया जाता। नए लोगों को जुडने् के लिए प्रेरित किया जाता। इसी तरह नए लोग नयी समझ, और नई दृढ़ता से अहिंसक आंदोलन चलाते। फिर शाम की प्रार्थना के बाद उपवास तोड़ा जाता। शाम ढलते अपने ठिकानों पर लौट कर अगले दिन की तैयारी होती। आज के बुल्डोजर राज में यह लड़ाई बेमानी और हास्यास्पद लग सकती है। लेकिन सत्य के आग्रह के लिए सभ्य समाज की ऐसी ही अहिंसक लड़ाई होनी चाहिए। सत्याग्रह का संघर्ष कुछ के लिए लंबा, कष्ट व त्याग भरा तो रहता ही है लेकिन समाज के लिए शांति व सौहार्द भी लाता है। सत्ता को सदबुद्धि भी देता है। और अपनाए गए गैर कानूनी तरीकों को सुधारने की हिम्मत भी। बनारस में सत्ता के गांधी और समाज के गांधी आमने सामने हैं। वसमाज न्याय का दीप जलाए रखेगा। आशा सत्य और अहिंसा की जीत की रहेगी।

**(आरएनएस)**

# सिर्फ अमृत से मतलब

लोग कितनी घृणा और मूर्खता को सजा-संवारकर पैक करने और उस पर 'धर्म' का लेबल लगाने में सफ्ल हो जाते हैं! धार्मिक संप्रदायों के झगड़े ऐसे ही हैं, जैसे इस बात पर झगड़ा करना कि किन्हीं खास बर्तनों में ही अमरता प्रदान करने वाले अमृत को रखने दिया जाएगा। उन्हें झगड़ा करने दो, हमें तो मतलब है बस अमृत पाने से, वह चाहे किसी बर्तन में हो, और अमरता प्राप्त करने से। अतीत के सांचे को भले तोड़ डालो, पर उसकी उपलब्धियों और आत्मा को बरकरार रखो, नहीं तो तुम्हारा कोई भविष्य नहीं है। दो ही ऐसे हैं, जिनके लिए आशा की जा सकती है, उस व्यक्ति के लिए, जिसने ईश्वर के स्पर्श का अनुभव किया है और जो उसकी ओर आकर्षित हुआ है, और दूसरा संशयात्मा जिज्ञासु तथा स्वत: आश्वस्त नास्तिक के लिए, किंतु सभी धर्मों के नुस्खेबाजों और स्वतंत्र विचार के तोता रटंतों के लिए कोई आशा नहीं बांधी जा सकती, उनकी आत्माएं तो मर चुकी हैं; वे बस मृत्यु का अनुसरण करते हैं, जिसे वे जीवित बताते हैं।

ऐसा रामकृष्ण ने कहा और ऐसा विवेकानंद ने कहा। ठीक है, पर मुझे उन सत्यों के विषय में भी जानने दो, जिन्हें अवतार ने शब्दों में नहीं ढाला और जिन्हें पैगंबर अपनी सीख में शामिल करना भूल गया है। आदमी का विचार जहां तक सोच पाया होगा अथवा उसकी वाणी से जहां तक निकल पाया होगा, उससे हमेशा कहीं ज्यादा ईश्वर में निहित होगा। मध्यकालीन तपस्वी त्रयों से घृणा करते थे और सोचते थे कि ईश्वर ने उनकी रचना संन्यासियों के प्रलोभन के लिए की है। ईश्वर के संबंध में और नारी के संबंध को और उदात्त रूप से सोचने देना चाहिए।

# चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल

**गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर ध्यान दे।**




कांग्रेस के राजधानी स्थित प्रवक्ताओं ने हरियाणा के चुनाव नतीजों को अस्वीकार कर दिया है। भाजपा की जीत के बाद जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि यह हेरफेर के जरिए हासिल की गई जीत है। मगर हरियाणा में पार्टी दो दिग्गज नेताओं- भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा ने कांग्रेस की हार को स्वीकार किया है। हुड्डा ने कहा है कि विरोध जताते हुए वे इसे स्वीकार कर रहे हैं, जबकि शैलजा ने हार का पूरा ठीकरा प्रदेश इकाई के सिर फोड़ा है। उधर कर्नाटक के प्रमुख कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने भी हरियाणा के जनादेश को स्वीकार किया है।

इसलिए भ्रम पैदा हुआ है कि हरियाणा के चुनाव परिणाम पर पार्टी की असल राय क्या है? निर्विवाद है कि भारत में चुनाव भले स्वतंत्र हों, लेकिन निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। पैसा, प्रचार तंत्र, और निर्वाचन आयोग जैसी निर्णायक संस्थाओं के एक पार्टी की तरफ पूरे झुकाव ने प्रतिस्पर्धा का समान धरातल नहीं रहने दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद वोट फॉर डेमोक्रेसी नामक एक एनजीओ ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया कि जिन 240 सीटों पर भाजपा जीती, उनमें से 79 पर अंतर उन वोटों से पड़ा, जिन्हें मतदान के दिन के बाद निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर बताया था। मगर कांग्रेस पार्टी ने ऐसे सवालों को कभी-कभार ही उठाया है। उसने कभी इसे पूरी शिद्दत से नहीं उठाया, ना ही इनको लेकर कभी सुसंगत एवं निरंतर जन अभियान चलाया है।

अभी भी ऐसा नहीं लगता कि इस मुद्दे पर पार्टी के अंदर कोई गंभीर विचार-विमर्श हुआ है या उसका इरादा इसे जनता के बीच ले जाने का है। गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। इसके विपरीत बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर विचार करे। सोशल मीडिया पर सियासत करने के बजाय जमीनी राजनीति पर ध्यान देना बेहतर होगा। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की बनाई धारणा पर यकीन कर लेने के बजाय धरातल से फीडबैक का अपना सिस्टम बनाना सही नजरिया होगा।

**(आरएनएस)**

# अश्लीलता की बाढ़ में बर्बाद होती युवा पीढ़ी...




अतुल मलिकराम (लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)

भारतीय संस्कृति में सदाचार, चरित्र निर्माण, विनम्रता, प्रेम, दया, त्याग, और आदर-सम्मान जैसे सद्गुणों को हमेशा से ही प्रमुखता दी गई है। इसके बावजूद, समाज में बढ़ते अपराध और नैतिक पतन की ख़बरें हमें आए दिन देखने, सुनने और पढ़ने को मिलती रहती है। इन बढ़ते अपराधों को देखकर कई बार मेरे मन में यह प्रश्न उठता है कि जब हमारी शिक्षा प्रणाली और संस्कारों में नैतिकता और आदर्शों पर इतना जोर दिया गया है, तो क्यों समाज के कुछ लोग पथभ्रष्ट होकर सामाजिक ताने-बाने को दूषित करने में लगे हुए हैं....? इसका एक प्रमुख कारण सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बेलगाम और तेजी से बढ़ती अश्लीलता और अनुशासनहीनता है।

सोशल मीडिया और इंटरनेट की भूमिका आज की दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। लेकिन हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। जहां एक ओर सोशल मीडिया ने हमें कई सुविधाएं दी हैं, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्प्रभाव भी हमारे सामने आ रहे हैं, एक तरफ यूट्यूब और गूगल जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिए हम हर प्रकार की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन इसका नकारात्मक पक्ष भी है और वह है सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री की बाढ़.....! जो तेजी से हमारे समाज को खोखला कर रही है।

आज स्थिति यह है कि जहाँ देखो वहाँ अश्लीलता छाई हुई है। सोशल मिडिया प्लेटफ़ॉर्म पर वीडियो रील्स में अश्लीलता इतनी सामान्य हो गई है कि इसे नज़रअंदाज़ करना मुश्किल होता जा रहा है। बात यहीं खत्म नहीं होती; ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर प्रसारित होने वाली वेब सीरीज और शो भी उसी राह पर चल रहे हैं। इनमें से अधिकांश कंटेंट इतना अश्लील और भड़काऊ होता है कि आप परिवार के साथ उसे देख भी नहीं सकते। क्रिएटिविटी के नाम पर इन प्लेटफॉर्म्स ने अशिष्टता और गाली-गलौज को सामान्य बना दिया है। ऊपर से यह कंटेंट आज हर वर्ग की पहुँच में है। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब छोटे बच्चे और किशोर ऐसे कंटेंट से प्रभावित होकर अपने जीवन में उन चीज़ों की नकल करते हैं। नतीजा यह है कि बच्चे गालियाँ, हिंसा और अश्लीलता सीख रहे हैं।

हाल ही में एक वेब सीरीज आई जिसमें कामुकता और हिंसा के ऐसे दृश्य दिखाए गए कि हॉलिवुड तक भी शायद शरमा जाए। इस प्रकार के कंटेंट से भारतीय समाज और संस्कृति का ताना-बाना बुरी तरह बिखर रहा है। हमारी फिल्म इंडस्ट्री भी ऐसी ही फिल्मों और वेब सीरीज पर केंद्रित हो रही है, जिनका उद्देश्य सिर्फ विवाद खड़ा करना है, जिनका सामाजिक जागरूकता, शिक्षा जैसे विषयों से कोई नाता नहीं है।

अश्लील सामग्री का सबसे ज्यादा प्रभाव हमारी युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन ने बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन दे दिए हैं, जिससे अब माता-पिता के लिए यह पता करना कठिन हो गया है कि बच्चे केवल पढ़ाई के लिए ही फोन का उपयोग कर रहे हैं। ऊपर से अश्लील कंटेंट तक पहुँच इतनी आसान हो चुकी है कि नाबालिग भी इसे बिना किसी रोक-टोक के देख सकते हैं। सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर परोसी जा रही गंदगी युवाओं को नैतिक रूप से कमजोर कर रही है। किशोर और युवा, जो मानसिक रूप से पूरी तरह से परिपक्व नहीं होते हैं, उनके आदर्श और व्यवहार में अश्लील कंटेंट देखकर विकार आने लगता है। लेकिन हर किसी को केवल अपने मुनाफे के पीछे पड़ी हैं, भले ही इसके चलते आने वाली पीढ़ी गलत दिशा में ही क्यों ना जा रही हो। यह स्थिति इस कदर गंभीर हो चुकी है कि इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

इस स्थिति पर लगाम लगाने के लिए सरकार को सख्त नियम बनाने चाहिए और अश्लीलता फैलाने वाले सभी सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। साथ ही ऐसी साइट्स, जो असामजिक कंटेंट को बढ़ावा देती हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से ब्लॉक करना चाहिए। जिस प्रकार थिएटर में बच्चों को एडल्ट फिल्मों से दूर रखा जाता है, उसी प्रकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी ऐसी व्यवस्था करनी होगी ताकि वेब सीरीज और फिल्मों में दिखाई जाने वाली अश्लीलता को रोका जा सके। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को सेंसर बोर्ड के अंतर्गत लाने की भी आवश्यकता है ताकि इनके कंटेंट को परखा जा सके। हालाँकि सरकार अपनी और से प्रयास कर रही है, जैसे भारत सरकार ने 2021 में नए आईटी नियम लागू किए, जिनमें सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अश्लील कंटेंट को रोकने के प्रावधान किए गए हैं। इन नियमों के तहत, सोशल मीडिया कंपनियों को गलत और फेक कंटेंट के सोर्स की जानकारी देनी होती है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि ऐसे कंटेंट को सबसे पहले किसने साझा किया था। परंतु यह सिर्फ शुरूआती कदम है।

सरकार के साथ-साथ, समाज, कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लुएन्सर्स को भी अपनी ज़िम्मेदारी समझनी होगी। कंटेंट क्रिएटर्स को यह ध्यान रखने कि जरुरत है कि उनके द्वारा बनाए गए कंटेंट का प्रभाव समाज पर क्या पड़ेगा। उन्हें गंभीरता से इस पर विचार करना होगा कि उनका हर कंटेंट किसी न किसी रूप में समाज के हर वर्ग को प्रभावित करता है, इसलिए उन्हें अपनी रचनात्मकता का उपयोग समाज के हित में करना चाहिए। दर्शकों को भी समझना चाहिए कि क्या देखना सही है और क्या गलत, जब हम अपनी और से असामाजिक चीजों का विरोध करेंगे तो ही इनके निर्माण पर रोक लगेगी। सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता को रोकना सिर्फ कानूनी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी भी है। क्योंकि सरकार चाहे कितने भी नियम बना ले जब तक हम सामाजिक रूप से अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे इस समस्या का समाधान होना संभव नहीं है इसलिए जरुरी है कि सभी इस विषय पर सख्त हो।

**(ये लेखक के विचार हैं।)**



















# श्रीकंचनपथ

भिलाई–दुर्ग


ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-

• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं

संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर




## खास खबर

### वाल्मीकि की करुणा और दया का पर्व है शरद पूर्णिमा - आचार्य डॉ.शर्मा

**भिलाई।** आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती–शरद पूर्णिमा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। दोनों के बिना ऋषि प्रधान और कृषि प्रधान भारत वर्ष की कल्पना संभव नहीं है। जब तक दीनहीन के प्रति दया, करुणा और प्रेम का अमृत न हो तो सुधा धर चन्द्रमा की शरद पूर्णिमा व्यर्थ है। साहित्य–संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने बहु उद्देश्यीय कल्याण संस्था आस्था वृद्धाश्रम सेक्टर–8 भिलाई में ये विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धजनों को वस्त्र वितरण करते हुए दूध–मिठाई भी खिलाई। आत्मीय संवाद के साथ उनका मुंह मीठा कराने के साथ सबके चेहरे खिल उठे। वर्षों पठन–पाठन, शोध, लेखन और प्रशासनिक अनुभवी रहे आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने बुजुर्गों के आशीर्वाद और शुभकामनाएं पाकर स्वयं को सौभाग्यशाली माना।वृद्धाश्रम के स्टाफ प्रकाश बोरकर भी उनके साथ रहे। डॉ. शर्मा ने संस्था का सहयोग भी किया। इसके कुछ पूर्व आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा भिलाई के फील परमार्थ फाउंडेशन गये। वहां बेसहारा बुजुर्गों और विक्षिप्त लोगों हेतु भोजन सेवा की जानकारी ली। अन्नदान सेवा के लिये यहां भी आचार्य डॉ. शर्मा ने सहयोग दिया।

### स्पैरो कंपनी के खिलाफ शिकायत के लिए आयुक्त ने लिखित में आवेदन करने लोगों से की अपील

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग के समस्त करों की वसूली करने वाली कंपनी स्पैरों का ठेका निगम ने समाप्त कर दिया गया हैं, इसलिए स्पैरों कंपनी के नाम से कोई भी व्यक्ति टैक्स वसूली के लिए पहुंचता है, तो उसे टैक्स की राशि ना दें और इसकी सूचना अपने नगर निगम में दें। फिलहाल समस्त करों की भुगतान प्रक्रिया को नगर निगम कर रही है।फिर से पुरानी व्यवस्था को शुरू कर दिया गया है।आपको बता दे कि स्पैरो कंपनी अगर टैक्स की राशि लेने आते है तो ना दें।स्पैरो कंपनी के खिलाफशिकायत के लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने लिखित में आवेदन करने के लिए लोगों से की अपील है।आयुक्त ने कहा है कि आवेदन निगम कार्यालय लोक सेवा केंद्र में आयुक्त के नाम से करें।उन्होंने ये भी कहा कि जिन्होंने टैक्स की राशि जमा कर दी है और निगम द्वारा टैक्स का पुन: भुगतान हेतु बिल भेजा गया है ऐसे आवेदन भी निगम में प्रस्तुत करें।आवेदन लिखित में करें साथ ही स्पैरो कंपनी के खिलाफकिसी भी प्रकार के लेनदेन की शिकायत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करेंगे।उन्होंने कहा कि लिखित शिकायत सोमवार से शुक्रवार तक आवेदन कार्यालयीन समय पर स्वीकार किए जाएंगे। निगम कर्मी के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को शहरवासी टैक्स का भुगतान ना करें।

### निकाय चुनाव के लिए शिकायत सेल का गठन

**दुर्ग।** नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी आम/उप निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षण का कार्य जिले में प्रभावशील है। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन होना प्रस्तावित है। आगामी निर्वाचन से संबंधित शिकायत पर त्वरित कार्यवाही के लिए जिला स्तरीय शिकायत सेल का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक–21 शिकायत सेल में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लता युगल उर्वशा डिप्टी कलेक्टर दुर्ग प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। सुवर्षा राव सहायक ग्रेड–02, रीतु राजपूत सहायक ग्रेड–02 एवं कृति रामटेके सहायक ग्रेड–03 को सहायक एवं नन्दु निर्मलकर भृत्य को डाक रनर का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्त किए गए सभी कर्मचारियों को प्रभारी अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करने कहा गया है।

### बुद्ध के सिद्धांत कल्याणकारी हैं : भंते

**भिलाई।** चन्द्रमणि बुद्ध विहार जनकल्याण समिति, कैंप 1 द्वारा वर्षावास समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें आकर्षण का केंद्र धम्म रैली रही, भंते अतापि संपाजानो अरुणाचल प्रदेश, दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम, समिति अध्यक्ष अनिता मेश्राम की अगुवाई में निकाली गई। इस दौरान बच्चों और बौद्ध उपासकों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं को अपने शीष पर रखकर शहर भ्रमण किया। इससे पहले भिक्खु संघ के चरण धोकर उन्हें त्रिबार वंदन व पंचांग प्रणाम किया गया। बुद्ध धम्म वंदना के बाद भंते अतापि संपाजानो ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध के सिद्धांत व संदेश मानव जगत के लिए सदैव ही कल्याणकारी रहेंगे। अनिल मेश्राम ने कहा कि राजकुमार सिद्धार्थ की तरह त्याग करने वाला कोई भी व्यक्ति बुद्ध की उपाधि प्राप्त कर सकता है। समिति के कोषाध्यक्ष गौतम खोब्रागढ़े, संगीता पाटिल, गीतिका मेश्राम, आंचल वासनिक, श्रेया टेंभुरकर, रोहिणी मेश्राम, अश्विनी आदि उपस्थित थे।

# बच्चों को सुपोषित बनाने पहल, बांटे प्रोटीन पाउडर और स्वच्छता किट

### स्वच्छता के उपाय अपनाने दिया माताओं को प्रशिक्षण, आहार की भी दी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने भिलाई नगर पालिक निगम के विभिन्न वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की स्थिति में लाने पहल की। यहां फाउंडेशन ने स्वच्छता को अपनाने प्रशिक्षण दिया, वहीं प्रोटीन पाउडर, स्वच्छता किट और बच्चों की मालिश हेतु आयुर्वेदिक तेल का वितरण किया।





फाउंडेशन ने यहां वार्ड क्रमांक 22,23, 24 और 25 के अंतर्गत घासीदास नगर, फौजी नगर जवाहर नगर और हाउसिंग बोर्ड में आंगनबाड़ी केंद्रों में यह पहल की। जिसमें गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को सेक्टर पर्यवेक्षक उमेश शुक्ला ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुख्य रूप से कुपोषण क्या है, कुपोषण के कारण, कुपोषण से बचाव, कुपोषण को दूर करने के उपाय, बच्चों को शासकीय योजना से लाभान्वित करने, सतत स्तनपान, शिशु को छह माह पश्चात उपरी आहार, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की जानकारी पर विस्तृत चर्चा की।

साथ ही बच्चों को कृमिनाशक दवा, आयरन सिरप और विटामिन ए सिरप की समय पर खुराक लेने और कार्यकर्ताओं को समय–समय पर दवाई देने के बारे में बताया गया। बच्चों के आहार में मूंग दाल, चावल एवं स्थानीय सब्जी मिक्स खिचड़ी का उपयोग लाभकारी बताया गया। केंद्र से मिलने वाले रेडी टू ईट के सही उपयोग पर जानकारी और बच्चों की माता को परामर्श दिया गया।

जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बच्चों को कुपोषण से सुपोषण की ओर लाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित किया एवं महिलाओं को संस्थान की तरफ से सम्मानित करने की बात कही। उन्होंने 'कुपोषण भगाओ–सुपोषण लाओ' को सार्थक बनाने में स्थानीय सब्जी, फल और मोटे अनाज का इस्तेमाल करने और इनकी विविधता एवं बारंबारता पर विशेष ध्यान देने कहा। क्योंकि बच्चे एक ही तरह के भोजन रुचिपूर्वक नहीं खाते इसलिए ऊपरी आहार की विविधता आवश्यक है। फाउंडेशन की ओर से प्रकाश देशमुख ने बच्चों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों के खिलाने से पहले हाथ धोने की आदत जरूर डालें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा पाठक ने हाथ धोने के चरण बच्चों के पालकों के समक्ष बताए। जीई फाउंडेशन की ओर से विशाखा मनगुड़े ने अभिभावकों को संदेश दिया कि यदि छोटा कुपोषित है तो आने वाले समय में उसमें बीमारी की आशंका अधिक होती है। बच्चों में कुपोषण होने से उनके विकास की वृद्धि सुपोषित बच्चों की तुलना में कम होती है किंतु कुपोषण से डरे नहीं बल्कि बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान देंगे तो धीरे–धीरे बच्चा सुपोषित हो जाएगा।

फाउंडेशन की ओर से अजित सिंह ने गर्भवती महिलाओं को समझाया कि गर्भ में 3 वर्षों का अंतराल एवं खान–पान में विशेष ध्यान देकर एक सुपोषित बच्चे को जन्म देने में सहायक हो सकती है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा पाठक जीतू मनहर, उमेश्वरी, किरण सिंह, भगवती साहू, सिंधु बघारे, ताज बेगम और सहायिका मारुति गुप्ता व चंचल निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# साहू संघ का परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला साहू संघ दुर्ग का 33वां युवक–युवती परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को गोंडवाना भवन में होगा। दुर्ग जिला साहू संघ का सम्मेलन रविवार सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसे लेकर बैठक में रूपरेखा तय की गई। विवाह योग्य युवक–युवती वैवाहिक पत्रिका परिचायिका में अपना पंजीयन करा सकते हैं।



इसके लिए प्रतिभागी द्वारा पंजीयन पत्र के साथ निर्धारित राशि के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। परिचय सम्मेलन के दिन मांगलिक पत्रिका का प्रकाशन और विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें साहू समाज के प्रदेश भर से विवाह योग्य युवक–युवती का नाम व बायोडाटा पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा।

पंजीकृत युवा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी देंगे। पंजीयन के लिए आवेदन पत्र जिला, तहसील पदाधिकारियों को दे सकते हैं। दुर्ग जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू ने बताया कि परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह साहू समाज की देन है, जो हर साल आयोजित किया जाता है। समाज के सभी वर्गों को सम्मेलन में शामिल होना चाहिए। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने दी।

### पैरेंट्स टीचर मीटिंग में बच्चों की रूचि अनुसार गतिविधियों पर चर्चा की

**भिलाई।** सेजस सेक्टर–7, भिलाई, मचांदुर प्राथमिक, माध्यमिक स्कूल, खोपली प्राथमिक स्कूल, सांकरा हाई स्कूल में बच्चों की पढ़ाई पर चर्चा करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सेक्टर–7 भिलाई में हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, पार्षद लक्ष्मीपति राजू, विजय दुबे, ईपी रितेश मौजूद थे। बैठक में पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद बनाने तथा विद्यालय के साथ–साथ पालकों की भूमिका भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान बच्चों का तिमाही परीक्षा परिणाम, बालवाड़ी से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों की दक्षता जानना, समुदाय के सहयोग से म्यूजियम खोलना, उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए विभिन्न व्यवसायों पर प्रशिक्षण, बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने को एक शुभ व्यक्तियों की पहचान करना, बैठक की आयोजन के बाद बैठक की उपलब्धियों पर चर्चा। इधर सेलूद हाई स्कूल में संकुल स्तरीय पीटीएम का आयोजन हुआ।

# रिटायर कर्मियों ने जताया आभार, याद किया अपना सेवाकाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर–4 ने समारोह का आयोजन कर माह सितंबर 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा की।




सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अध्यक्ष पूरन देवांगन ने सभी रिटायर सदस्यों को जीवन के नए अध्याय की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी।

सोसाइटी के अन्य पदाधिकारियों ने भी समारोह को संबोधित किया। इन रिटायर कर्मियों में नंद राम यादव प्लेट मिल, जीवानंदन देशमुख बार एंड रॉड मिल, पोट्टी राजेंद्र राव,ब्लास्ट फर्नेस, रमेश कुमार तिवारी रिफ्रैक्ट्रीज मटेरियल प्लांट–2, फलधर शर्मा मटेरियल रिकवरी विभाग, नंद कुमार ,टंकोधर भारद्वाज, संत कुमार साहू कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग, जीवी शेषाद्रि इंडस्ट्रियल रिलेशन, अंकुश कुमार दास प्लेट मिल, जालम सिंह पारसेंद सिंटर प्लांट–3, तिलक प्रसाद देवांगन, रविशंकर हिरवानी, जगेन्द्र सिंह संजय कुमार सिंह रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल, वेंकट रमन मूर्ति वायर रॉड मिल, सुरेश कुमार दुबे रिसर्च एंड कंट्रोल लैब ,एस जयश्री कंस्ट्रक्शन (पीएसयू) , सहदेव राम साहू कैपिटल हैवी मेंटेनेंस 1–2 ,अनादि देब मेडिकल और केके बामने रिसर्च एंड कंट्रोल लैब शामिल हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन,संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर,शशिभूषण सिंह,नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी तथा सोसायटी के कर्मियों में पिजुष कर, सुदीप बनर्जी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन शशिभूषण सिंह और आभार प्रदर्शन अशोक राठौर ने किया।

# इंटरनेशनल डांस कॉम्पिटिशन में डी. शैलवी ने मारी बाजी, पहले भी जीत चुकी है कई पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

### तीन साल की उम्र से कर रही नृत्य, सात साल की छोटी उम्र में कई उपलब्धियां है शैलवी के नाम

**भिलाई।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा इंटरनेशनल कल्चरल 'हारमनी' देशराग के अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। भिलाई स्थित सेक्टर–4 के एसएनजी स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया।



इसमें नृत्य, गीत, संगीत, वाद्य यंत्र प्रस्तुति, पेंटिंग , ड्रॉइंग आदि विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला का जौहर दिखाया। 13 अक्टूबर से आगामी 21 अक्टूबर तक इसके तहत प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। इसमें कई राज्यों से प्रतिभागी सम्मिलित हुए हैं। इस स्पर्धा में भिलाई की बेटी डी . शैलवी ने कई प्रतिभागियों के बीच अपनी शानदार प्रस्तुति से सबका मनमोह कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

डी.शैलवी ने नृत्य प्रतियोगिता के अंतर्गत भरतनाट्यम में अपनी प्रस्तुति दी। डी. शैलवी भरतनाट्यम के सब जूनियर कैटेगिरी में सेकंड पोजिशन पर रही। इस कंपीटिशन में जूनियर, सब जूनियर, सीनियर और ओपन कैटिगरी में बाजी मारी। सेक्टर–8 निवासी डी.शैलवी की उम्र सात साल है। सेक्टर – 6 स्थित एमजीएम स्कूल में क्लास टू की स्टूडेंट है। साथ में रेगुलर डांस की प्रैक्टिस भी करती हैं। डी.शैलवी के पिता डॉ.अंजन कुमार सेक्टर–7 के कल्याण कॉलेज के हिंदी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर है और एक अच्छे कवि और आलोचक है। जबकि शैलवी की मम्मी डी.उमा माहेश्वरी शासकीय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कॉलर है।

पिता डॉ.अंजन कुमार ने बताया की शैलवी की प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने का पूरा श्रेय उनकी गुरु को जाता है। जिनके कुशल मार्गदर्शन में वह तीन साल की उम्र से भरतनाट्यम सीख रही है। इससे पहले भी डी. शैलवी नेशनल, इंटरनेशनल और प्रतिष्ठित कंपीटिशन में हिस्सा लेकर बाजी मार चुकी हैं। डी. शैलवी की गुरु नयनिका कासलीवाल सुप्रसिद्ध नृत्य प्रशिक्षक डॉ. राखी रॉय की शिष्य हैं।


Since 1972

CROWN® - TV

Choice Of Millions

LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Maa Durga Electronics 9827183839

Rohit Electronics 94242-02866

Premier sales: 8959493000

A Leela Electronics: 9425507772

Reena Electronics: 9329132299

Shree Electronics: 7000827361

Authorised Distributers For Chhattisgarh

Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### सिंधी काउंसिल का अभियान एक दिया श्रीराम के नाम पोस्टर का हुआ विमोचन

**रायपुर।** दिवाली के उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा इस अभियान का नाम एक दीया श्रीराम के नाम पर रखा गया है।

जिसका पोस्टर विमोचन शदाणी दरबार तीर्थ में संत युधिष्ठिर लाल के हाथो से किया गया। संत ने कहा एक बड़ा अच्छा संदेश दिवाली पर्व में दिया जा रहा है। राम मंदिर बनने के बाद पहली दिवाली के पूर्व श्रीराम भगवान के नाम से दीया वितरण बहुत शुभ है और ईश्वर सबका घर खुशियों से रोशन करे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा चार दिवस निशुल्क दीया वितरण का अभियान अलग अलग जगह वितरित किया जाएगा बड़े पैमाने में इसकी तैयारी की जा रही है युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी ने बताया दीया वितरण की एक टीम बना दी गई है जो पूरे काम को देखेगी। पोस्टर विमोचन में संत युधिष्ठिर लाल शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी, सिंधी काउंसिल के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी, गौतम रेलवानी, सुनील वाधवा, नरेश पंजवानी, विक्रम मंधान, संदीप थोरानी, राजू मनवानी, सूरज जसवानी, जय रेलवानी, वैभव गंगवानी, डॉ. निखिल मोतीरामानी, रोशन आहूजा उपस्थित थे।

### स्कूल ने पालक-मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन



तथा जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर विश्वदीप के निर्देशन में रायपुर विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 51, रायपुर नगर दक्षिण,संत ज्ञानेश्वर उ.मा.शाला, कृष्णानगर 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले क्षेत्रों के मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने जागरूक किया गया तथा पालक मतदाताओं को 13 नवंबर 2024 को मतदान अवश्य करेंगे का संकल्प कराते हुए, संत ज्ञानेश्वर उ.मा.वि. के प्राचार्य मनीष गोवर्धन के आतिथ्य में, सर्वप्रथम हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उक्त अवसर पर, हमारा आह्वान -करें मतदान,मतदान करने जायेंगे,-अपना फर्ज निभायेंगे इत्यादि नारों से मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# राजधानी के बूढ़ातालाब को बचाने ग्रीन आर्मी ने किया प्रदर्शन







श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही ग्रीन आर्मी बूढ़ा गार्डन को बचाने के लिए सामने आई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि पर्यटन विभाग को चौपाटी के नाम पर तालाबों और धरोहर से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। जहां चौपाटी निर्माण किया जा रहा वहां से बहुत ही नजदीक, दानी गर्ल्स स्कूल है जाहिर सी बात है पालक अपनी बेटियों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से गर्ल्स स्कूल में दाखिला करवाते है, ऐसे में चौपाटी के निर्माण से बेटियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठते है, चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल सीधे दिखाई दे रही है।

यही नहीं यहां हजारों स्थानीय निवासी से लेकर शहरवासी तक मॉर्निंग वॉक, योगा, एवं स्वास्थ लाभ लेने रोजाना उपस्थित होते है। जिस पाथवे पर चलकर लोग स्वास्थ लाभ ले रहे है, वहां इतनी बड़ी लोहे का स्ट्रक्चर खड़े कर चौपाटी का निर्माण इंसानों के साथ, पंछियों, जीव जंतुओं, से लेकर पर्यावरण के लिए हानि कारक है, साथ ही हमारा धरोहर बूढ़ातालाब केवल एक डस्टबिन बनकर रह जाएगा। संस्था कर चुकी है पहले भी चौपाटी का विरोधसंस्था प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा बूढ़ा तालाब में चौपाटी निर्माण के लिए संस्था पहले भी विरोध दर्ज करा चुकी है, संस्था वर्ष 2019 में एक व्यक्ति एक धमेला कार सेवा प्रदान कर बूढ़ातालाब को बचाने एवं संवारने हेतु कार्य कर चुकी है, जो शहरवासियों से अछूता नहीं है, ऐसे में पाथवे पर अगर चौपाटी निर्माण का कार्य किया जाता है तो संस्था इसके विरोध में रोड की लड़ाई लड़ेगी।

गुरदीप टुटेजा ग्रीन आर्मी रायपुर जिला अध्यक्ष ने कहा चौपाटी बनी तो उसमें लगने वाली छौंक से टहलने वाले से लेकर जीव जंतुओं का जीना दूभर हो जाएगा।ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा आज लगभग 100 सदस्यों एवं स्थानीय निवासियों के उपस्थित में चौपाटी निर्माण का विरोध दर्ज किया गया। इसके बावजूद भी अगर चौपाटी निर्माण सफ्ल रहा तो फूड्स सामग्री की खरीद नहीं करने हेतु शहरवासियों से अपील करेंगे। आज के कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों एवं पर्यावरण प्रेमियों का प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने आभार व्यक्त किया है।

# कृषि विश्वविद्यालय में एग्री कार्नीवाल कल से

## मुख्यमंत्री करेंगे चार दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेले व कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 22 से 25 अक्टूबर तक चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल-2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 23 अक्टूबर को अपरान्ह 03 बजे एग्री कार्नीवाल 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी'' का शुभारंभ करेंगे।

समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। इस अवसर पर सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरसींवा अनुज शर्मा, विधायक रायपुर ग्रामीण मोती लाल साहू एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल - 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के प्रतिनिधि, कृषि मशिनरी एवं कृषि उत्पाद निर्माता कम्पनियां, स्टार्टअप्स उद्यमी, कृषक उत्पादक संगठन, महिला स्व-सहायता समूह, विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक शामिल




होंगे। राष्ट्रीय किसान मेला के दौरान प्रत्येक दिन कृषकों, छात्रों एवं आम नागरिकों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई जा रही फसलों एवं कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण करवाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला के दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनमें प्रथम दिवस 22 अक्टूबर को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 2000 से अधिक विद्यार्थि शामिल होंगे। इस अवसर पर 20 से अधिक निजी कम्पनियों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा एवं रोजगार प्राप्त करने की दिशा में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। प्रथम दिवस उद्योग-शिक्षण संस्थाओं का सम्मेलन एवं अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा मेला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करे की दिशा में मार्गदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर स्व-रोजगार एवं स्टार्टअप पर आधारित कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्टार्टअप विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं स्टार्टअप स्थापित करने हेतु मिलने वाली अनुदान के बारे में स्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। द्वितीय दिवस 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ से कृषि उत्पादों के निर्यात पर संगोष्ठी, आधुनिक पादप प्रजनन तकनीक एवं डाटा एनालिसिस पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण तथा जैव विविधता पर प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 24 अक्टूबर को क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर एवं प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। अन्तिम दिवस 25 अक्टूबर 2024 को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड डाटा एनालिसिस इन एग्रीकल्चर विषय पर पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में फसलों की नई किस्में, अधिक आय देने वाली वैकल्पिक फसलें, नवीन कृषि प्रौद्योगिकी, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि, जैव उर्वरक एवं जैव कीटनाशक, पशु पालन, मछली पालन एवं चारा उत्पादन, समन्वित कृषि प्रणाली, पोषक तत्व तथा कीट एवं बीमारी प्रबंधन, मृदा उर्वरता एवं मृदा स्वास्थ्य, संरक्षित खेती, उन्नतशील कृषि यंत्रों से कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन आदि से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस चार दिवसीय आयोजन में प्रति दिवस इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषक पाठशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जहां विभिन्न कृषि वैज्ञानिक एवं विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को कृषि से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिये जाएंगे तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। मेले में राज्य शासन के कृषि तथा संबंधित विभागों द्वारा स्टाल लगाकर किसानों को राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा संचालित कृषकोपयोगी अनुसंधान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचारों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

# परिवार के बदलते परिदृश्य पर नेशनल सेमीनार कल

**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नात्कोत्तर कन्या महाविद्यालय रायपुर के समाजशास्त्र विभाग एवं छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन 22 और 23 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का विषय वैश्वीकरण एवं भारतीय समाज-परिवार का बदलता परिदृश्य एवं उभरती चुनैतियाँ है। इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर देश के विभिन्न राज्यों के प्राध्यापकों और शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया जाएगा।

यह जानकारी कार्यक्रम समन्वयक एवं छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. प्रीति शर्मा, सह-समन्वयक डॉ. मनीषा महापात्रा एवं आयोजन सचिव डॉ. प्रमिला नागवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि इस सेमीनार के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सरकार के उच्च शिक्षा सचिव प्रसन्ना आर (आईएएस) होंगे। मुख्य वक्ता बीएचयू (यूपी) के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. अरविंद जोशी होंगे। अतिथि वक्ता शासकीय द्रोणाचार्य महाविद्यालय, गुरुग्राम (हरियाणा) के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक डॉ. भूप सिंह, शासकीय टी.आर.एस. महाविद्यालय रीवा (मध्यप्रदेश) के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक डॉ. महेश शुक्ला होंगे।

यह आयोजन शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नात्कोत्तर कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समन्वयक डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि मानव समाज के इतिहास में परिवार सबसे महत्वपूर्ण व आधारभूत सामाजिक समूह है। प्राचीनकाल से लेकर वर्तमान तक परिवार समाज की संरचनात्मकक इकाइयों में केंद्र बिंदु रहा है। वैश्वीकरण के दौर में भारतीय समाज में केवल सामाजिक संरचना में कुछ बदलाव आया है, अपितु भौतिकवादी एवं व्यक्तिवादी विचारधारा के कारण समाज के मूल्यों प्रतिमानों में भी निरंतर विघटन हो रहा है। भारतीय परिवार में कार्य संबंधों, स्थायीत्व अंतर्पीढ़ी संघर्ष, पारिवारिक अलगाव एवं अंतराल, वैवाहिक संबंधों के उभरते नए प्रतिमान, लिव इन रिलेशनशिप जैसी अनेक समस्याएं निरंतर बढ़ रही है। निश्चित इस संगोष्ठी के माध्यम से एसे निष्कर्ष निकलेंगे जिससे वर्तमान में नगरीकरण और वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप पारिवारिक संरचना एवं कार्यों के साथ पारिवारिक संबंधों में हो रहे परिवर्तन एवं अन्य नकारात्मक प्रभावों पर समाज की भूमिका को रेखांकित किया जा सकेगा।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने स्व सहायता समूहों को CSR कोष से सहायता प्राप्ति पर सत्र आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय के कैरियर और कॉर्पोरेट संसाधन केंद्र (सीसीआरसी) और कॉर्पोरेट प्रशिक्षण और परामर्श प्रभाग (सीटीसीडी) ने विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कोष से स्व सहायता समूहों के लिए धन जुटाने के विषय पर सत्र आयोजित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संसाधन व्यक्ति, उद्यमी और सीएसआर विशेषज्ञ प्रोफेसर संजय वनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और एनजीओ पाठशाला के संस्थापक डॉ परशुराम तिवारी, मुख्य पदाधिकारी शिखर युवा मंच भूपेश वैष्णव, और निदेशक कल्याणी समाज कल्याण अजय कल्याणी थे।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने स्वागत भाषण दिया। संसाधन




व्यक्ति संजय वनानी ने सीएसआर पारिस्थितिकी तंत्र, कानूनी दस्तावेजीकरण, तौर-तरीकों और भागीदारी के तौर-तरीकों पर सत्र संचालित किए। डॉ. परशुराम तिवारी ने क्राउड फंडिंग पर सत्र लिया, अजय कल्याणी ने योग्यता क्षेत्र की पहचान पर सत्र लिया। भूपेश वैष्णव ने प्रश्नोत्तर सत्र के साथ परियोजना कार्यान्वयन और निष्पादन पर सत्र लिया और सीसीआरसी की प्रबंधक डॉ. सुनयना शुक्ला ने समापन समारोह में प्रमाण पत्र वितरण का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया शर्मा सीसीआरसी की उपप्रबंधक द्वारा किया गया। सीसीआरसी के निदेशक पंकज तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस सत्र में बड़ी संख्या में गैर सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट्स और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभागियों ने सफ्लतापूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अरूप हलदर, सौरभ बनवार, जयश्री वर्मा, मनीष सिसोदिया, नेहा प्रिया चिन्नम, सलवा एमपी, अग्निव हिरा, सुस्मिता चक्रबर्ती दास, अर्शप्रित कौर बोपाराय, अमित पाटले और अन्य लोग उपस्थित थे।

### ठाकुर प्यारेलाल सिंह को पुण्यतिथि पर निगम एमआईसी सदस्य व लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह की पुण्यतिथि पर रायपुर शहर के जीई मार्ग में बुनकर भवन के समीपस्थ स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्ववधान में नगर निगम जोन क्रमांक 5 के सहयोग रखा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड नम्बर 40 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा सहित सेवानिवृत्त आईजी पी. एन. तिवारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, सामाजिक कार्यकर्त्ता विश्वजीत सिंह ठाकुर, अमर ठाकुर, सुशील सिंह जंघेल, शुभजीत सिंह ठाकुर जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा सहित बुनकरों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों, नगर निगम जोन 5 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह को पुण्यतिथि पर नमन कर प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# नगर निगम ने रिंग रोड हाईवे मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन नगर निवेश विभाग की टीम ने यातायात पुलिस बल के साथ मिलकर राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में रिंग रोड हाईवे में किये गये अतिक्रमणों पर अभियान चलाकर कडी कार्यवाही की।

वहीं यातायात पुलिस द्वारा रिंग रोड में अवैध पार्किंग कर खडे किये गये भारी वाहनों को हटाने एवं जुर्माना करने की कडी कार्यवाही की गई। इसके तहत नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग ने थाना पुलिस यातायात पुलिस के साथ मिलकर जोन 8 जोन कमिश्नर ऐ.के. हालदार के नेतृत्व एवं नगर निवेश अभियंताओं की उपस्थिति में टाटीबंध रिंगरोड चैक बिलासपुर



बायपास रोड हाईवे मार्ग में अभियान चलाकर सडक पर कब्जा जमाकर संचालित अवैध टायर पंचर दुकानों को हटाने की कार्यवाही की। लगभग 10 अवैध पंचर दुकानों को रिंगरोड से हटाकर कब्जा हटाया गया।

रिंग रोड पर अवैध पार्किंग करके खडे किये गये भारी वाहनों को पुलिस प्रशासन ने हटाने की कार्यवाही की एवं भारी वाहनों के चालको पर जुर्माना किया। जिससे रिंगरोड बायपास रोड हाईवे में नागरिको को यातायात जाम से मुक्ति मिली एवं यातायात सुगम बन गया । अभियान आगे भी जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से जारी रहेगा।


















# कशिका कपूर लव यू फादर के साथ कर रही है अपना टॉलीवुड डेब्यू

**बॉलीवुड डेब्यू के बाद, आयुष्मती गीता मैट्रिक पास की अभिनेत्री कशिका कपूर टॉलीवुड इंडस्ट्री में लव यू फादर के साथ कदम रखने जा रही हैं। यह फिल्म पुष्पा- द राइज के सह-निर्देशक पवन केथाराजु द्वारा निर्देशित है। कशिका कपूर अब दोनों इंडस्ट्रीज़ में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं और वह इस समय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की सबसे होनहार उभरती सितारों में से एक के रूप में पहचानी जा रही हैं।**

आयुष्मती गीता मैट्रिक पास, जो लड़कियों की शिक्षा के संदेश पर आधारित है, से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद, कशिका अब अपनी नई फिल्म लव यू फादर के साथ टॉलीवुड की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। लव यू फादर एक भावनात्मक कहानी है जो एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को दर्शाती है। इस फिल्म में कशिका मुख्य भूमिका में होंगी, और उनके साथ श्री हर्षा मुख्य पुरुष किरदार निभा रहे हैं। इसके अलावा, नवाब शाह, जिन्हें डॉन 2 और दिलवाले में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। नवाब शाह की उपस्थिति इस प्रोजेक्ट को और भी प्रभावशाली बनाती है। फिल्म की कहानी एक पिता-पुत्र की जोड़ी पर आधारित है, जहां एक पिता अपने बेटे के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की कोशिश करता है। यह पूरी कहानी काशी की पृष्ठभूमि में घटित होती है और इसमें शिवा के आदर्श को प्रस्तुत करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है। फिल्म में एस.पी. चरण, रघु बाबू, शकलाका शंकर और अर्जुन श्रीवास्तव जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कशिका ने कहा, हर दिन ऐसा महसूस होता है जैसे मैं अपने सपनों की ओर एक नई सीढ़ी चढ़ रही हूं। दोनों फिल्में मेरे दिल के बहुत करीब हैं और मैं इन प्रोजेक्ट्स में डाली गई मेहनत और समर्पण को दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। लव यू फादर के साथ एक नई इंडस्ट्री में कदम रखना और पिता-पुत्र के खूबसूरत रिश्ते को दर्शाने वाली इस कहानी का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। मुझे यकीन है कि दर्शक इस फिल्म से व्यक्तिगत रूप से जुड़ेंगे।

आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जहां लड़कियों की शिक्षा के मजबूत संदेश पर केंद्रित है, वहीं लव यू फादर पारिवारिक रिश्तों की भावनाओं को गहराई से दिखाने वाली फिल्म है। कशिका कपूर अपनी भूमिकाओं की विविधता और प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स के चयन के माध्यम से यह साबित कर रही हैं कि वह केवल एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक मजबूत अभिनेत्री हैं। हम बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कशिका दर्शकों के लिए और क्या खास लेकर आ रही हैं।



# क्रॉप टॉप पहने अनुष्का सेन ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज

**एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो बेहद ही शानदार पोज देते हुए अलग-अलग आउटफिट में फोटोज क्लिक करवा रही हैं।**

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपनी अलग-अलग आउटफिट्स में फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अनुष्क सेन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर फिदा हो जाते हैं। ये ही नहीं उनका हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कभी ब्लैक टॉप तो कभी ग्रे टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं। वहीं, वो मिरर सेल्फी लेते हुए अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बालों को बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस की खूबसूरती देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। एक्ट्रेस आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच साझा करती रहती हैं।

# सिर की खुजली से हैं परेशान? राहत के लिए टी ट्री तेल का करें उपयोग

**टी ट्री तेल एक फायदेमंद एसेंशियल ऑयल है, जो सिर की खुजली को दूर करने में काफी मदद कर सकता है। इसके फंगस हटाने वाले और कीटाणुनाशक गुण स्कैल्प की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं।इस लेख में हम जानेंगे कि टी ट्री तेल का उपयोग कैसे करें ताकि आपके सिर की खुजली कम हो सके और बाल स्वस्थ रहें।**

## टी ट्री तेल का सीधा इस्तेमाल करें

टी ट्री तेल को सीधे स्कैल्प पर लगाने से पहले इसे किसी अन्य तेल जैसे नारियल या जैतून के तेल में मिलाना चाहिए। इससे त्वचा पर जलन नहीं होती और इसका असर भी बढ़ता है।2-3 बूंदें टी ट्री तेल को लेकर 1 चम्मच नारियल तेल में मिलाएं और इसे अपने स्कैल्प पर हल्के हाथों से मालिश करें। इस मिश्रण को कम से कम 30 मिनट तक छोड़ दें और फिर शैंपू से धो लें।

## नियमित रूप से इस्तेमाल करें

टी ट्री तेल का असर तभी दिखेगा जब आप इसे नियमित रूप से इस्तेमाल करेंगे।हफ्ते में कम से कम 2 बार इसका इस्तेमाल करना चाहिए। इससे न केवल आपकी खुजली कम होगी, बल्कि बाल भी मजबूत और चमकदार बनेंगे।इसके अलावा नियमित इस्तेमाल से स्कैल्प की अन्य समस्याएं भी दूर हो सकती हैं। टी ट्री तेल के एंटी-फंगल और कीटाणुनाशक गुण स्कैल्प को स्वस्थ बनाए रखते हैं, जिससे बालों की जड़ें भी मजबूत होती हैं।

## शैंपू में मिलाकर इस्तेमाल करें

अगर आपको सीधे तेल लगाना पसंद नहीं है तो आप अपने शैंपू में भी टी ट्री तेल मिला सकते हैं।इसके लिए अपने रोजमर्रा के शैंपू की बोतल में 10-15 बूंदें टी ट्री तेल डालें और अच्छी तरह मिलाएं। हर बार बाल धोते समय इस मिश्रण का इस्तेमाल करें।इससे आपके बालों को नमी मिलेगी और स्कैल्प की खुजली भी कम होगी। नियमित इस्तेमाल से बाल मजबूत और चमकदार बनेंगे।

## एंटी-फंगल गुणों का लाभ उठाएं

टी ट्री तेल के फंगस हटाने वाले गुण होते हैं, जो फंगस को खत्म करने में मदद करते हैं।अगर आपके स्कैल्प पर फंगस की वजह से खुजली हो रही है तो यह तेल बहुत असरदार साबित होगा।इसके नियमित उपयोग से फंगस धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा और आपकी त्वचा स्वस्थ रहेगी। यह तेल न केवल खुजली को कम करता है, बल्कि बालों की जड़ें भी मजबूत बनाता है और बाल चमकदार होते हैं।

## घरेलू उपायों के साथ संयोजन करें

टी ट्री तेल को अन्य घरेलू उपायों के साथ मिलाकर भी इस्तेमाल किया जा सकता है जैसे एलोवेरा जेल या नीम पाउडर। इनका मिश्रण बनाकर स्कैल्प पर लगाने से आपको जल्दी राहत मिलेगी और परिणाम बेहतर होंगे।इन उपायों का नियमित उपयोग करने से स्कैल्प की खुजली कम होगी और बाल स्वस्थ रहेंगे।इस प्रकार टी ट्री तेल का सही इस्तेमाल करके आप अपने खुजली वाले स्कैल्प को आराम दे सकते हैं और बाल स्वस्थ बना सकते हैं।



# बाहुबली-3 के लिए फिर साथ आएंगे प्रभास और एसएस राजामौली, निर्माता का खुलासा




साउथ के सुपरस्टार कहे जाने वाले प्रभास की फिल्म बाहुबली-द बिगिनिंग को 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसकी सफलता के बाद 2017 में इस फिल्म की सीक्वल बाहुबली-2 द कन्क्लूजन आया और इसे भी दर्शकों का खूब प्यार मिला। इन दोनों फिल्मों का निर्देशन एसएस राजामौली ने किया था।अब खबर आ रही है कि बाहुबली की तीसरी कड़ी बाहुबली-3 पर जल्द काम शुरू होने वाला है।

बाहुबली 3 के लिए प्रभास एक बार फिर राजामौली के साथ हाथ मिलाने वाले हैं।इस बात का खुलासा जाने-माने फिल्म निर्माता केई ज्ञानवेल राजा ने किया है, जो इस वक्त सूर्या, दिशा पाटनी और बॉबी देओल जैसे सितारों से सजी फिल्म कंगुवा को लेकर चर्चा में हैं।हाल ही में एक साक्षात्कार में ज्ञानवेल ने बाहुबली 3 पर मुहर लगाई। इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की कहानी पर काम जल्द शुरू हो जाएगा। ज्ञानवेल ने कहा, फिल्म बाहुबली 3 बन रही है। पिछले हफ्ते मैंने फिल्म के निर्माताओं के साथ बातचीत की है। उन्होंने बाहुबली और बाहुबली 2 को एक के बाद एक बनाया, लेकिन अब निर्माता कुछ अंतराल के बाद बाहुबली 3 की योजना बना रहे हैं।बता दें कि बाहुबली ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 118.7 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं बाहुबली 2 510.99 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

# सिंघम अगेन का जय बजरंग बली सॉन्ग आउट हनुमान चालिसा की धुन कर देगी रोंगटे खड़े




रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज हो गया है। यह गाना हनुमान चालीसा से प्रेरित है। 1 नवंबर, 2024 को फिल्म की रिलीज से पहले जय बजरंग बली सॉन्ग को रिलीज करते हुए मेकर्स ने सिंघम अगेन को लेकर उत्सुकता जगा दी है। यह गाना शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की परंपरा को जारी रखते हुए, फिल्म के एक्शन सीन के लिए टोन सेट करता है।

जय बजरंग बली सॉन्ग हनुमान चालीसा से प्रेरित है जो इस ट्रैक में चार चांद लगा रही है। इस ट्रैक में रणवीर सिंह को हनुमान की तरह दिखाया गया है जो अजय देवगन से मिलते हैं और सीता के रूप में करीना को वापस लाने में उनकी मदद करते हैं। ट्रैक रिलीज होते ही फैंस कमेंट सेक्शन में खूब तारीफ कर रहे हैं। एक ने लिखा- वाव सुपर डुपर हिट। एक ने लिखा- राम और हनुमान जी की जोड़ी का हम इंतजार कर रहे हैं। एक ने कमेंट किया- ब्लॉकबस्टर मूवी। हाल ही में सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसे फैंस ने बहुत प्यार दिया। मेकर्स ने सिंघम अगेन का ट्रेलर 7 अक्टूबर को रिलीज किया। ट्रेलर में कलयुग के रामायण और मराठा साम्राज्य का जबरदस्त कॉम्बिनेशन देखने को मिला है। ट्रेलर में अजय देवगन जहां राम, करीना कपूर मॉर्डन सीता (आनवी), टाइगर श्रॉफ - लक्ष्मण, रणवीर सिंह- बजरंगबली, अक्षय कुमार- जटायु को रिप्रेजेंट कर रहे हैं। वहीं, अर्जुन कपूर को रावण का रोल अदा कर रहे है। दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के अवतार में नजर आई है। ट्रेलर देशभक्ति और गहन ड्रामा से भरपूर है। फिल्म के ट्रेलर को महज 24 घंटे के अंदर 138 मिलियन व्यूज मिले हैं और ये अब तक का सबसे बड़ा ट्रेलर भी है इसका रनटाइम 4 मिनट 58 सेकंड लंबा है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में हैं। सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया से क्लैश करेगी।

# अचानक उल्टी जैसा महसूस हो रहा है? इन 5 खाद्य पदार्थों के सेवन से मिलेगा आराम

**तबीयत खराब होने पर या ज्यादा खा लेने पर कई बार उल्टी जैसा महसूस होने लगता है और जी मिचलाने लगता है। यह एक सामान्य पाचन संबंधी समस्या है, लेकिन इस दौरान खाने के बारे में सोचना भी मुश्किल हो जाता है।हालांकि, कई ऐसे खाद्य पदार्थ भी होते हैं, जिन्हें खाकर आप उल्टी की समस्या को दूर कर सकते हैं।उल्टी आने पर अपनी डाइट में ये खाद्य पदार्थ जोड़ें और इस स्वास्थ्य संबंधी समस्या से तुरंत राहत पाएं।**

## केले

केले सबसे स्वस्थ फलों में गिने जाते हैं, जिनमें भरपूर मात्रा में पोटैशियम मौजूद होता है। यह पेट के लिए हल्के और फायदेमंद होते हैं, क्योंकि यह दस्त से राहत दिलाते हैं।केले में पाए जाने वाले पोषक तत्व इलेक्ट्रोलाइट्स को वापस लौटा सकते हैं, जो उल्टी करने पर शरीर से निकल जाते हैं।इस फल की नरम बनावट और हल्का मीठा स्वाद जी मिचलाने की समस्या को दूर भगाने में सक्षम होता है।

## ब्रेड टोस्ट

हम में से कई लोग सुबह उठकर नाश्ते में ब्रेड टोस्ट खाना पसंद करते हैं। यह आसानी से तैयार हो जाने वाला व्यंजन उल्टी की समस्या को दूर कर सकता है।जब आपका जी



मिचला रहा हो, तब आपको ब्रेड टोस्ट जैसे नरम और स्टार्च युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।हालांकि, आपको ब्रेड पर मक्खन या जैम आदि नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि उनकी खुशबु से दोबारा उल्टी आ सकती है।

## सादे उबले हुए आलू और चावल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि जी मिचलाने पर स्टार्च युक्त भोजन करना चाहिए। इस तरह के भोजन में उबले हुए आलू और चावल भी शामिल होते हैं।चावल या सादे आलू बनाने में आसान होते हैं और इनमें अधिक कैलोरी होती हैं। ये आपके पेट को स्वस्थ बनाने और आपको ऊर्जा प्रदान करने में मदद कर सकते हैं।चावल और उबले हुए आलू की अपनी कोई सुगंध नहीं होती है, जिसके कारण इन्हें खाने से फायदा मिल सकता है।

## अदरक

अदरक एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसके सेवन से उल्टी की समस्या का निवारण किया जा सकता है।इसमें पाया जाने वाला जिंजरोल पेट से जुड़ी समस्याओं का इलाज करने में मदद करता है और पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है।आप इस खाद्य पदार्थ को कच्चा चबा सकते हैं, इसकी चाय बना सकते हैं या इसे पानी में मिलाकर पी सकते हैं।अदरक में मौजूद बायोएक्टिव कंपाउंड जी मिचलाने की परेशानी का प्रभावी ढंग से इलाज कर सकते हैं।

## हर्बल चाय

अक्सर जी मिचलाने पर बड़े-बुजुर्ग हर्बल चाय पीने की सलाह देते हैं, जो फायदेमंद साबित हो सकती है। जब भी आपको उल्टी जैसा महसूस हो, तो आप एक कप कैमोमाइल, पुदीने या लैवेंडर की चाय पीएं।इसके अलावा, आप एक गिलास पानी में नींबू निचोड़कर भी पी सकते हैं। इसके जरिए भी पेट की समस्याएं दूर होती हैं और उल्टी आना बंद हो जाता है।आप ब्लड शुगर को कम करने के लिए इन फूलों का सेवन कर सकते हैं।






# रायपुर रेलवे स्टेशन का हो रहा मेजर रीडेवलपमेंट 482.48 करोड़ की लागत से संवर रहा स्टेशन

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प, दुर्ग रेलवे स्टेशन भी मेजर रीडेवलपमेंट में शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारतीय रेल देश की लाइफ लाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के तहत रायपुर व दुर्ग रेलवे स्टेशनों को मेजर रीडेवलपमेंट केटेगरी में रखकर आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। अकेले रायपुर रेलवे स्टेशन में इसके लिए 482.48 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

रायपुर स्टेशन का मेजर री डेवलपमेंट लगभग 482.48 करोड़ है। इन योजनाओ का मकसद आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है। चरणबद्ध तरीके से इन कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। रायपुर रेलवे स्टेशन राजधानी होने के कारण महत्वपूर्ण स्टेशन है। व्यापारिक केंद्र एवं पर्यटन स्थल है जहाँ पर वर्ष भर पड़ोसी राज्य से यात्रियों का आना ङ्कजाना लगा रहता है। इसी को ध्यान में रखकर रायपुर स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है । रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



**प्रतिदिन 50 हजार से ज्यादा यात्रियों का आगमन**

वर्तमान समय में रायपुर स्टेशन पर लगभग 50 हजार यात्रियों का आवागमन होता है। भविष्य में यात्रियों की संख्या और बढ़ाने को देखते हुए स्टेशन डेवलपमेंट में यात्री सुविधा उन्नत की जा रही है। ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जाएंगे। रायपुर स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों से यात्रियों के लिये आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही साथ उन्हें नया यात्रा अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधा एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उन्नत और आधुनिक यात्री सुविधा के कार्य जारी रहेंगे।

### रायपुर रेलवे स्टेशन की भव्यताः 10 टिकट विंडो और 42 लिफ्ट लग रहे स्टेशन में

रायपुर स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु भव्य प्रवेश एवं निकास द्वार, यात्रियों के आवागमन एवं निकास के लिए सुगम पथ ,10 टिकट बुकिंग विंडो, बेहतरीन प्लेटफार्म सरफेस, 300 किलोवाट पावर सोलर सोलर पैनल युक्त ऊर्जा संरक्षण, प्रत्येक प्लेटफार्म पर 26 कोच इंडिकेशन बोर्ड, 74 टॉयलेट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 6 मीटर चौड़े तीन फुट ओवर ब्रिज 40 वाटर कूलर 42 लिफ्ट, 3512 स्क्वायर मीटर पार्सल एरिया, 12075 स्क्वायर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर, 10 यात्री आरक्षण सुविधा काउंटर, 16 एस्केलेटर लगाए जाने हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन रिजर्व लॉज, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशन हब, कोनकोर्स एरिया, बस्तर छत्तीसगढ़ी आर्ट व विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से सुसज्जित होगा।

### इन स्टेशनों का भी हो रहा कायाकल्प

इस योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के 15 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है। इनमें भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा-नेवरा, बिल्हा, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, हथबंद, सरोना, मरोदा, मंदिर हसौद, उरकुरा, निपनिया और भिलाई नगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों पर रीडेवलपमेंट का कार्य तेजी से जारी है। कुछ स्टेशनों में 50 से 80 फीसदी तक का काम पूरा भी हो गया है। जल्द ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन रेलवे स्टेशनों को एक नए रंगरूप में देख सकेंगे।

# आदिवासी प्राधिकरण की बैठक के लिए तैयार है मयाली नेचर कैम्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आगामी 22 अक्टूबर को मयाली नेचर कैम्प में क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल और पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आज मयाली नेचर कैम्प की तैयारी का जायजा लिया। और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मंत्रियों के साथ सरगुजा प्राधिकरण के सदस्य भी शामिल होंगे।




कलेक्टर ने सारी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। तैयारी में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने की बात कही है। कलेक्टर और एसपी ने मयाली झील में वोटिंग करके सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। प्रवेश द्वार मचान ,वोटिंग एरिया, डोम में बैठक व्यवस्था, लाइटिंग, बैरिकेटिंग, स्वागत द्वार,मचान, लाइटिंग, भोजन व्यवस्था, पार्किंग, ग्रीन रूम, भोजन कक्ष, जनप्रतिनिधियों के लिए भोजन की व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मयाली नेचर कैम्प को आकर्षक रूप में सजाया गया है। पत्थरों पर सुंदर पेंटिंग सहित सुंदर लाइटिंग, वोटिंग की सुविधा, सुंदर फौहारे से सजाया गया।

लोगों को मयाली अपनी और सहज ही आकर्षित कर रहा है। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय,अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, एसडीएम, आकांक्षा त्रिपाठी, प्रशांत कुशवाहा नन्द पांडे और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे मंत्री वर्मा कहा,-

# सरकार नक्सलियों के सफाए को संकल्पित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खेलकूद, युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने नारायणपुर जिले में शनिवार को हुए एक बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण शहीद हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवानों को रविवार को माना स्थित चौथी बटालियन परिसर पहुंचकर छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से श्रद्धांजलि दी।



मंत्री टंकराम वर्मा ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि हमारी सरकार राज्य को नक्सलियों से मुक्त करने के लिए काम कर रही है। बीते 9 महीने में नक्सलियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित अभियान के चलते नक्सलियों के हौसले पस्त हो गए हैं और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए इस तरीके की कायराना हरकत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा बिछाई गई एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से आईटीबीपी के जवान अमर पंवार और के. राजेश शहीद और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। शहीद हुए जवान 53वीं बटालियन के थे। शहीद जवान अमर पंवार महाराष्ट्र के सतारा और के. राजेश आंध्र प्रदेश के कडप्पा के रहने वाले थे। उनके पार्थिव शरीर को विशेष विमान से उनके पैतृक स्थानों पर ले जाया गया है।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### वकील ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, बच्चे के जन्मदिन पर उठाया घातक कदम



**जगदलपुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले एक वकील ने अपने बच्चे के जन्मदिन के दिन अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को रात को लगी, जिसके बाद सूचना कोतवाली थाने को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को कब्जे में लेकर मेकाज भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले ऋषि तिवारी (40) पेशे से वकील थे। साथ ही अपनी पत्नी, मां और बच्चों के साथ निवास करते थे। रविवार को बेटी के जन्मदिन होने के कारण घर में तैयारी चल रही थी, लेकिन अचानक पत्नी व ऋषि के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और ऋषि गुस्से में आकर अपने कमरे में दोपहर को चला गया। पत्नी व मां ने इस ओर ध्यान न देते हुए अपने काम में लग गए। रात तक जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ और दरवाजे पर दस्तक दी।

लगातार दस्तक के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजे को तोड़ा गया, जहां ऋषि फंदे में लटका हुआ था। इसके बाद शव को उतारने के बाद परिजनों ने मामले की जानकारी कोतवाली थाना प्रभारी को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, परिजनों से मामले की जानकारी ली जा रही है। थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद का कहना है मामले की जानकारी लगते ही हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### महिला और दो युवतियों को अज्ञात वाहन ने कुचला, चालक हुआ फरार, परिजनों में पसरा मातम

**सक्ति।** सक्ति जिले के ग्राम मुक्ताराज नेशनल हाइवे 49 में तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन चालक ने दो युवती और एक महिला को ठोकर मारते हुए कुचला है। जिनकी मौके पर ही मौत हुई है,वही चालक वाहन को लेकर फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना बाराद्वार थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका बिंदिया बरेठ उम्र 21 वर्ष अपनी भाभी आकांक्षा बरेठ 22 वर्ष और सलहेली सीमा भैना 22 वर्ष जोकि तीनों आरक्षक भर्ती के लिए हर रोज सुबह दौड़ने के लिए गए हुए थे। आज रविवार की सुबह करीबन 5 बजे दौड़ने के बाद पैदल चल रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से तीनो को ठोकर मारी और कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। तीनो का शव सड़क किनारे पड़ा रहा घटना की जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे जहां रो-रोकर बुरा हाल है। बाराद्वार पुलिस भी मौके पर पहुंची और तीनो के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। वही अज्ञात ट्रेलर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच पड़ताल की जा रही है चालक और वाहन की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# धान खरीदी से पहले सोसायटी में चोरी, किलोबाट कैमरे और बोरा सीलने की मशीन तक ले गया चोर

## कुम्हारी के सेवा सहकारी समिति का मामला, एफआईआर के बाद जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होने से पहले कुम्हारी की एक सोसायटी में चोरी हो गई। चोर यहां से किलोबाट, कैमरे, बोरा सिलाई मशीन आदि चोरी कर ले गए। समिति के प्रबंधक को जब यह जानकारी हुई तो वह थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। समिति प्रबंधक की शिकायत पर कुम्हारी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ई) व 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।**



मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति कुम्हारी में चोरी हो गई। समिति के प्रबंधक प्रमोद कुमार रामटेके ने कुम्हारी थाने पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 16 अक्टूबर की शाम 6 बजे समिति कार्यालय कुम्हारी में चौकीदार सोनसाय चतुर्वेदी तबियत खराब होने से कार्यालय में ताला लगाकर अपने घर चला गया था। दूसरे दिन 17 अक्टूबर की सुबह 10:30 बजे चौकीदार जब पहुंचा तो उसने फोन कर बताया कार्यालय में चोरी हो गया है।

इसके बाद प्रबंधक प्रमोद कुमार रामटेके कार्यालय पहुंचा और देखा कि सामने चैनल गेट का ताला टूटा था। कार्यालय में रखा 20 किलो, 10 किलो, 5 किलो के 2 बाट, 4 सीपी प्लस कैमरे, कैमरा केबल वायर 200 मीटर, 4 बोरा सिलाई मशीन, 8 हेलोजन लाइट, 5 एलईडी लाईट, 1 एक्जास फैन, 5 बंडल बिजली तार कोई चुरा ले गया। सामान का मिलान करने के बाद प्रबंधक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सोसायटी के सीसी टीवी फुटेज में एक चोर दिखाई दे रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुट गई है।

### धमधा के सूने मकान से लाखों की चोरी

दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में सूने मकान से लाखों की चोरी हो गई। यहां बजरंग चौक वार्ड क्रमांक 06 में रहने वाले गौतम राम यादव ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। गौतम राम ग्राम सलोनी जिला राजनांदगांव में कृषि कार्य करता है और धमधा में परिवार के साथ अपने ससुराल में रहता है। गौतम राम ने बताया कि 19 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे घर में ताला लगाकर सास को कुम्हारी जाने के लिये बस बैठाया और अपनी पत्नी मंजूला यादव एवं बच्चो को लेकर कार से ग्राम सलोनी चला गया। 20 अक्टूबर की दोपहर करीब 2 बजे उनके घर के पास कम्प्यूटर दुकान में काम करने वाली लता यादव फोन पर बताया कि घर पर चोरी हो गई है। इसके बाद परिवार सहित घर पहुंचकर देखा तो सामने कमरो में लगा ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर रखे आलमारी खुले हुए थे और सारा सामान बिखरा पडा था। आलमारी में रखे सोने का चैन, सोने का 7 पत्ती माला, एक सोने का लाकेट, सोने का कंगन एक जोडी, सोने का कान का सकरी एक जोडी, चांदी का करधन, 10 चांदी के सिक्के आदि कोई चोर चुरा ले गया। इस मामले में शिकायत पर धमधा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### एटीएम तोड़कर कैश लूटने की कोशिश, आधीरात पेंचिस, कटर व सब्बल लेकर घुसा था बदमाश




**बेमेतरा।** शहर में लगे इंडियन बैंक के एटीएम को तोड़कर कैश लूटने के प्रयास में एक बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा। घटना शनिवार आधीरात के बाद की है। बदमाश पेंचिस, कटर व सब्बल लेकर एटीएम सेंटर में घुसा लेकिन उसकी चालाकी एटीएम निगरानी सेंटर मुंबई ( महाराष्ट्र) की नजरों से बच नहीं पाया। मुंबई से आए कॉल के बाद बैंक मैनेजर मौके पर पहुंचा और बदमाश को पुलिस के हाथों पकड़वाया।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के इंडियन बैंक के मैनेजर हामिद अहमद के पास एटीएम निगरानी सेंटर मुंबई (महाराष्ट्र) से शनिवार की रात करीब 2.05 बजे कॉल कर बताया गया कि एटीएम मशीन में छेड़छाड़ किया जा रहा है। इसके बाद ब्रांच मैनेजर तत्काल एटीएम के पास गए। जब बैंक मैनेजर मौके पर पहुंचा तो तोड़फोड़ की आवाज आ रही थी और एटीएम का शटर गिरा हुआ था।

इसके बाद मैनेजर हामिद अहमद ने एटीएम के लोहे के शटर को बाहर से बंद कर दिया। ठीक उसी समय पुलिस की टीम वहां पहुंची जिनके सहयोग से एटीएम का शटर उठाकर देखा गया। अंदर अंदर एक व्यक्ति था, जो जैकेट पहना हुआ व सिर में हेलमेट लगाया था। चेहरा को लाल रंग के कपड़ा से ढका हुआ था। ये अपने साथ एक थैला में पेंचिस, कटर व साथ में लोहे का सब्बल रखा हुआ था।

पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजू सिंह राजपूत पिता पंचराम राजपूत उम्र 39निवासी कुर्मीपारा बेमेतरा का बताया। साथ ही स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एआर 5711 ये यहां आकर एटीएम में चोरी करने की बात कही। एटीएम मशीन के ऊपर भाग को तोड़कर निकाल दिया था। मशीन में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया है। एटीएम में लाखों रुपए कैस होने की बात मैनेजर ने बताई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजू सिंह राजपूत के खिलाफ धारा 305(ई), 324, 331(4), 62 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## जुनवानी में हादसाः स्कूटी सवार युवती की मौत, भाई के साथ जा रही थी मॉल, पीछे से डंपर ने कुचला

श्रीकंचनपथ न्यूज



**सूरजपुर।** भिलाई। जुनवानी श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के सामने रविवार दोपहर को दर्दनाक हादसे में युवती की जान चली गई। युवती अपने भाई को लेकर सूर्यामॉल की ओर जा रही थी। इस दौरान सड़क पर उसकी स्कूटी फिसली और वह सड़क पर गिर गई। ठीक इसी समय पीछे से डंपर ट्रक आ रहा था जिसमें युवती को चपेट में ले लिया। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका भाई बाल बाल बच गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्मृति नगर पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला शास्त्री अस्पताल पहुंचाया।

घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि मृतक युवती का नाम दलप्रीत कौर है। दलप्रीत कौर दीनदयाल कॉलोनी जुनवानी की रहने वाली थी। रविवार को उसके भाई पृथ्वी का जन्मदिन होने से वह उसे लेकर मॉल की ओर जा रही थी। अभी वह स्कूटी से श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय के पास पहुंची ही थी कि उसकी स्कूटी फिसली और दोनों भाई बहन गिर पड़े। भाई छिटक कर सड़क से दूर जा गिरा लेकिन दलप्रीत सड़क पर गिर पड़ी। ठीक उसी समय पीछे से आ रही डंपर ट्रक ने इसे चपेट में ले लिया और पीछे का पूरा चक्का दलप्रीत पर चढ़ गया। मौके पर ही दलप्रीत ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद डंपर चालक ने गाड़ी वहीं खड़ी कर दी। आसपास के लोगों ने चालक को घेर लिया। इस बीच पुलिस को सूचना दी गई। स्मृति नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं मृतका के शव को शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद मृतका का भाई काफी घबरा गया उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि डंपर स्कूटी के पीछे-पीछे चल रहा था और उसकी रफ्तार भी ज्यादा नहीं थी। चक्के के नीचे दब जाने के कारण युवती की मौत हो गई।

## ब्रूसली हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, नेपाल में छिपा हुआ था बदमाश, घर लौटा और पकड़ाया

- पुरानी रंजिश में की थी हत्या, 10 आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** करीब चार माह पूर्व ग्राम देवबलौदा में हुए ब्रूसली हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपी के तलाश में पुलिस के द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। चार माह की फरारी के बाद आरोपी देवबलौदा आया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। इस मामले में पहले एक नाबालिग सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

बता दें यह घटना 5 जून 2024 की है। रात करीबन 09.00 बजे मुकेश और जय सिंह शराब पीने बंधवा तालाब देवबलोदा की ओर गया जहां पर एल. चिरंजीव उर्फ ब्रूसली अपने अन्य दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। सभी लोग आपस में मिलकर शराब पीये और कुछ देर बाद ब्रूसली के दोस्त लोग चले गए। इसके बाद मुकेश, जयसिंह और बुसली तीनों बैठे थे। मुकेश शराब लेने देवबलोदा शेखर के घर गया शराब नही मिलने से वापस बंधवा तालाब देवबलौदा आ गया। ब्रूसली ने शेखर को फोन कर बंधवा तालाब के पास मैदान में शराब लेकर आने कहने पर शेखर शराब लेकर आया जहां पर चारों लोग शराब पीये। कुछ देर बाद शेखर चला गया। इसके बाद रात्रि करीबन 10.40 बजे भीम बघेल, अर्जुन बघेल, अजय बांधे तीनों मोटर सायकल से आए। पुरानी रंजिश को लेकर एल. चिरंजीव को भीम बघेल ने अपने हाथ में रखे लोहे के धारदार हथियार से, अर्जुन बघेल ने लोहे के राड से तथा अजय बांधे ने डण्डा से ताबड़तोड़ वार किया, जिससे ब्रूसली जमीन पर गिर गया जिसे देखकर मुकेश और जयसिंह डर के कारण वहां से हट गये। इस दौरान कुछ साथी और आए और एल चिरंजीव को मारकर मोटर सायकल से भाग गये। इस घटन में एल चिरंजीव उर्फ ब्रूसली का घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गया था।

प्रकरण में विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी अर्जुन बघेल, दीपक उर्फ गोलू टण्डन, राजेश कुर्रे, भूपेन्द्र टण्डन, जसवंत मारकण्डे, देवा बंजारे, सुनील बांधे, चंद्रशेखर उर्फ शेखर सेन, अजय बाद एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया था। प्रकरण का मुख्य आरोपी भीम बघेल घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, आरोपी की पतसाजी हेतु मुखबिर लगाया गया था। मुखबिर के जरिएआरक्षक शशीकांत यादव को सूचना प्राप्त हुआ कि आरोपी भीम बघेल ग्राम देवबलौदा कुछ काम से आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह नेपाल भाग गया था। कुछ दिन रहने के बाद नागपुर रह रहा था। आरोपी के खिलाफधारा 302, 147, 148, 149, 120ची भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## सरकार की नीति का दिख रहा असर, दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

- सरेंडर नक्सली कई घटनाओं में रहे हैं शामिल
- छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत मिलेंगी सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज




**सुकमा।** सुकमा जिले में सक्रिय दो नक्सलियों के द्वारा आत्मसमर्पण किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से आत्मसमर्पण किया गया। नक्सलियों को आत्मससमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में रेंज फिल्ड टीम (आरएफटी) कोंटा एवं 50, 219 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 208 कोबरा वाहिनी के आसूचना शाखा के कार्मिकों की विशेष भूमिका रही है।

जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैंप स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय दो नक्सली सदस्यों ने सरेंडर किया।

सरेंडर करने वाले नक्सलियों में क्रमश ओयाम हुंगा पिता ओयाम पाण्डू (कामावरम आरपीसी. सेक्शन डिप्टी कमाण्डर) उम्र लगभग 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी राजपेंटा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छग) और पोड़ियम जम्पू उर्फगंपू पिता बदरा (मेहता आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 22 वर्ष जाति दोरला निवासी मेहता, पटेलपारा थाना कोंटा जिला सुकमा (छग) शामिल है।

नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा मे जुड़ने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में रेमताराम, डिप्टी कमाण्डेन्ट 50 वाहिनी सीआरपीएफ निरीक्षक रोषन सिंह राजपूत, प्रभारी नक्सल सेल सुकमा एवं निरीक्षक अनिल कुमार, 208 कोबरा वाहिनी के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किये है। नक्सली ओयम हुंगा पिता पाण्डू को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 208 कोबरा वाहिनी के आसूचना शाखा एवं नक्सली पोड़ियम जम्पू उर्फगंपू पिता बदरा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में रेंज फिल्ड टीम (आरएफटी) कोन्टा, 50, 219 वाहिनी सीआरपीएफ आसूचना शाखा के कार्मिकों की विशेष भूमिका रही है।

उक्त नक्सली सदस्यों द्वारा प्रतिबंधित नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी करना, पुलिस पार्टी पर हमला करना, मुख्य मार्गों को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करना, आम जनताओं से लूट-पाट करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध नक्सली बेनर, पोस्टर, पर्चा-पाम्पलेट लगाने एवं अन्य घटनाओं में शामिल रहे हैं। उक्त दोनों आत्मसमर्पित नक्सलियों को ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जायेंगे।

## चेक पोस्ट पर दो युवकों से 22 लाख रुपए से ज्यादा की रकम बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज



**महासमुंद।** जिले के सिंघोड़ा पुलिस और साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई की। बड़ी मात्रा में नगदी रकम के साथ दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों से 22 लाख 53 हजार रुपये बरामद किया। मुखबिर की सूचना पर रेहटीखोल के पास दोनों पकड़े गए। ओडिशा से पैदल छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर रहे थे। रेहटीखोल चेक पोस्ट में ज्यादा मात्रा में नगदी रकम के परिवहन पर संतोषजनक जानकारी न देने और दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर पुलिस के द्वारा कार्रवाई गई।

पुलिस को अवैध शराब, गांजा व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश हैं। जिसके तहत पुलिस दूसरे प्रांतों लगी चेक पोस्ट पर नजर रख रही है। इसी दौरान आज 20.10.2024 को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति लोहराचट्टी ओडिशा की तरफ से पैदल चलकर दो पिट्ठू बैग के साथ ग्राम रेहटीखोल की ओर आ रहे हैं। बैग मे कुछ संदिग्ध सामान रखे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा रोककर पूछताछ की गई, सही जवाब नहीं देने पर पास रखे बैग का तलाशी ली गई तो एक व्यक्ति के पिट्ठू बैग से भारतीय करंसी 15,42,000 रुपये और दूसरे व्यक्ति के बैग से 7,10,800 रुपये यानी कुल 22,52,800 रुपये मिले। उक्त रकम के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया तो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिससे अपराध/धारा 106 के तहत कार्रवाई की गई।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006





# महामाया एयरपोर्ट ऊँची उड़ान के लिए तैयार, हवाई नक्शे से जुड़ा अंबिकापुर, पीएम मोदी ने किया वर्चुअल उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा, अंबिकापुर का वाराणसी से रिमोट दबाकर वर्चुअल शुभारंभ किया। वे शाम 5 बजे से बनारस से लाइव जुड़े थे। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि पहले देश में 70 एयरपोर्ट थे, अब 150 से ज्यादा एयरपोर्ट हैं। जो पुराने एयरपोर्ट हैं, उनका भी रिनोवेशन हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि कनेक्टिविटी से स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय, पर्यटन आदि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा विगत दस सालों में निवेश से नागरिक सुविधाओं में बढोत्तरी हुई है, अधोसंरचना विकास के साथ नवजवानों को नए नौकरी के अवसर भी मिले हैं। इस अवसर पर एयरपोर्ट स्थल से सांकेतिक रूप से 19 सीटर विमान ने रायपुर के लिए उड़ान भरी।**

राज्यपाल रमेन डेका ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिये एक महत्वपूर्ण क्षण है। मां महामाया एयरपोर्ट से विमान अपनी गति प्राप्त करेगा और उड़ान भरेगा, जिससे सरगुजा संभाग में विकास के नये आयाम खुलेंगे। एयरपोर्ट के माध्यम से इस क्षेत्र के नागरिकों और उद्योगपतियों के लिये एक बेहतर संचार सिस्टम स्थापित होगा। बस्तर के बाद सरगुजा प्रदेश का दूसरा बड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। एयरपोर्ट सेवा से यहां के अंचल का विकास होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह उड़ान छत्तीसगढ़ को नई दिशा की ओर ले जायेगी, सरगुजा प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश में विकास की एक नई उड़ान तय करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विज़न, देश में बेहतर विमानन सेवा की स्थापना करना है और देश के सभी हिस्सों को इससे जोड़ना है।

एयरपोर्ट लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों का बरसों का सपना अब साकार हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश में हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज का सफर करेगा। यह सपना साकार हो रहा है। हवाई सेवा के नक्शे में अंबिकापुर को शामिल करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा आमजन के हवाई जहाज से सफर करने का सपना साकार हुआ है जिससे उनका आर्थिक दर्जा भी बढ़ेगा। मां महामाया एयरपोर्ट ना केवल राज्य की राजधानी को बल्कि अन्य राज्य को जोड़ने का कार्य भी करेगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर के बाद आज अंबिकापुर में हवाई सेवा का शुभारंभ हो रहा है। आम नागरिक भी उड़ान के अपने सपनों को साकार कर सकेंगें। एयरपोर्ट से कनेक्टीविटी की सुविधा में विस्तार होगा जिससे पर्यटन, व्यापार इत्यादि में क्षेत्र के स्थानीय लोगों और व्यापरियों को लाभ होगा। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि उड़ान योजना के तहत देश के 100 एयरपोर्ट को चिह्नित कर देशवासियों के आवश्यकता अनुरूप अंबिकापुर को भी इसमें शामिल किया गया। जिससे सरगुजा संभाग के क्षेत्रवासियों रोजगार को मिलेगा और क्षेत्र के पर्यटन में विकास होगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कई सालों के बाद यह अवसर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर को एयरपोर्ट की सौगात प्राप्त हुआ है। जिससे क्षेत्र के लोगों के लिये रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। आर्थिक विकास की रफ्तार में तेज़ी आयेगी। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज अंबिकापुर मे नया इतिहास लिखा जा रहा है। आराध्य देवी माँ महामाया के नाम से एयरपोर्ट को जाना जायेगा। लोकार्पण एवं वर्चुअल शुभारंभ पर आयोजित समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, विधायक अम्बिकापुर राजेश अग्रवाल, विधायक सीतापुर रामकुमार टोप्पो, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, अध्यक्ष राज्य युवा आयोग छत्तीसगढ़ विश्वविजय सिंह तोमर एवं संचालक विमानन छ.ग. शासन संजीव झा, सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोसकर व पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा संबंधित अधिकारी गण उपस्थित थे।



### 48.25 करोड़ में हुआ जीर्णोद्धार

माँ महामाया एयरपोर्ट दरिमा, अम्बिकापुर लगभग 365 एकड़ में फैला हुआ है। एयरपोर्ट के सिविल एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु राशि रू. 48.25 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें रन-वे सुधार एवं विस्तार व एप्रन तथा टैक्सी-वे निर्माण कार्य हेतु राशि रू. 35.19 करोड, ड्रेनेज निर्माण कार्य हेतु राशि रू. 1.80 करोड, बाउण्ड्रीवाल के कार्य हेतु राशि 1.98 करोड़ , टर्मिनल बिल्डिंग का उन्नयन कार्य हेतु राशि रू. 1.15 करोड़ , फायर स्टोर व ट्रेनिंग सेंटर, मौसम विभाग एवं ग्राउण्ड स्टॉफ़ पेनल रूम व सी.सी.आर. रूम एंटी हाईजेकिंग रूम हेतु राशि 0.61करोड़ , एप्रोच रोड हेतु राशि . 0.61 करोड़,सी.एन.ए सत्र, एटीसी स्टोर, 6 नग वॉच टॉवर, फायर शेड रिपेयर एवं पापी लाईट केबलिंग हेतु राशि 0.91 करोड एवं अन्य विद्युतीकरण कार्य हेतु राशि 2.14 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त सभी कार्य डीजीसीए मानक अनुरूप कराया गया है। मां महामाया एयरपोर्ट का उन्नयन वर्ष 2012-13 में उड़ान योजना अंतर्गत लिया गया, जिसके तहत हवाई अड्डे का विकास 3 सीवीआरएफ के मानक के अनुरूप किया गया। विशेष रूप से रनवे की लम्बाई 1500 मीटर से बढ़ाकर 1800 मीटर किया गया है। टर्मिनल भवन का उन्नयन 72 यात्रियों के अनुरूप कराया गया। हवाई अड्डे में लगभग 100 वाहन की पार्किंग की व्यवस्था के साथ टर्मिनल भवन तक फोरलेन सड़क का निर्माण कराया गया। एयरपोर्ट में उच्च गुणवत्ता एटीसी, मेट ऑफ़िस, एंटी हाइजैक रूम, फायर स्टोर एंड ट्रेनिंग सेंटर जीडी इलेक्ट्रिक पेनल रूम का निर्माण किया गया है। सरगुजा संभाग में एयरपोर्ट के संचालन से अंचल वासियों को सीधा लाभ मिलेगा। हवाई सेवा प्रारंभ होने से संभाग की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यहां के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार का पर्याप्त अवसर मिलेगा। मां महामाया एयरपोर्ट बनकर तैयार है, जहां से शीघ्र ही नागरिक उड़ान का आनंद ले पायेंगे।

### पर्यटन के लिए नए रास्ते

सरगुजा की खूबसूरत घाटियाँ, मैनपाट का हिल स्टेशन, और रामगढ़ की ऐतिहासिक गुफ़ाएं यहां के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गिनी जाती हैं। अब इस एयरपोर्ट के शुरू होने से पर्यटकों के लिए यहां आना आसान हो जाएगा। पर्यटन से जुड़े लोगों का मानना है कि इससे सरगुजा का आकर्षण और बढ़ेगा। स्थानीय गाइड शंकर कहते हैं, पहले पर्यटकों को यहाँ आने के लिए घंटों की सड़क यात्रा करनी पड़ती थी, पर अब वे सीधे फ्लाइट से आ सकते हैं। इससे हमारा पर्यटन व्यवसाय बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

### आर्थिक विकास और निवेश की संभावनाएं

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस मौके पर सरगुज़ा के आर्थिक विकास की बात पर जोर देते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट न केवल आवागमन को सरल बनाएगा बल्कि क्षेत्र में निवेश को भी आकर्षित करेगा। हवाई सेवा से यहां के स्थानीय उद्योगों को नए बाजार मिलेंगे, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यहां के छोटे व्यवसाय, जैसे हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग, और कृषि उत्पाद, अब देश के दूसरे हिस्सों में आसानी से पहुंच सकेंगे। सरगुजा के कृषि उत्पादों की देशभर में मांग है, और अब यहां के किसान भी अपने उत्पादों को सीधे दिल्ली या कोलकाता के बाजारों तक पहुंचा सकते हैं। यह न केवल उनकी आय में वृद्धि करेगा बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाएगा।

### एयर कनेक्टिविटी : विकसित भारत 2047 के सपने की ओर एक कदम

सरगुजा की हरी-भरी वादियों में बसे आदिवासी अंचल के लोग जब भी बड़े शहरों की ओर रुख करते, तो लंबी और थका देने वाली यात्रा का ख्याल उन्हें परेशान कर देता। इस दूरस्थ इलाके की खास पहचान तो उसकी प्राकृतिक सुंदरता है, पर यहां के लोगों के लिए देश के दूसरे हिस्सों से जुड़ना हमेशा एक चुनौती रहा है। लेकिन अब चीजें बदलने वाली हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से मां महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर का उद्घाटन कर यह सुनिश्चित किया कि सरगुजा का यह क्षेत्र देश की विकास यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा बने। प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह संकल्प केवल एक एयरपोर्ट की शुरुआत नहीं, बल्कि एक बड़े सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम है। यह हमारे 'विकसित भारत 2047' के संकल्प का प्रतीक है। जब उन्होंने छत्तीसगढ़ को यह सौग़ात दी तो , अंबिकापुर के लोगों के चेहरे पर एक नई उम्मीद की चमक थी। यह एयरपोर्ट न केवल सरगुजा बल्कि आसपास के जिलों जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लाखों लोगों के लिए देश की मुख्यधारा से जुड़ने का एक जरिया बन गया है।

### सरगुजा की बढ़ती संभावनाएं

मां महामाया एयरपोर्ट के शुरू होने से सरगुजा के लोग सीधे रायपुर, दिल्ली, कोलकाता, जबलपुर, और अन्य बड़े शहरों से जुड़ सकेंगे। इस पहल से यहां के छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए बाहर जाने का मौका मिलेगा, व्यापारी अपने व्यापार को फैलाने के लिए नए बाजारों तक पहुंच सकेंगे और सबसे महत्वपूर्ण, मरीजों को इलाज के लिए बेहतर सुविधाओं तक आसानी से पहुंच मिल सकेगी। अंबिकापुर के एक युवा उद्यमी राजेश बताते हैं, अब हमें अपने उत्पादों को दूसरे शहरों तक पहुंचाने में आसानी होगी। पहले सड़क मार्ग से यह सफ़र लंबा और महंगा होता था, लेकिन अब हम अपने स्थानीय उत्पादों को सीधे दिल्ली और कोलकाता जैसे शहरों तक पहुंचा सकते हैं। यह एयरपोर्ट सरगुजा की आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा देगा, और यहां के छोटे-बड़े व्यापारी भी इस बदलाव को लेकर उत्साहित हैं।

वन खेलकूद में छत्तीसगढ़ ओवरऑल चैम्पियन

## छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन 97 गोल्ड मेडल के साथ प्रथम स्थान पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने पहला स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैम्पियन बना। समापन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने अपने वीडियो संदेश में खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्वश्री राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे।




प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97 गोल्ड, 44 सिल्वर, 33 कांस्य पदक के साथ कुल 731 प्वाइंट्स लेकर रिकॉर्ड जीत हासिल की और पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में ओलम्पिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर केरल ने 38 गोल्ड, 37 सिल्वर, ब्रोंज 27, कुल अंक 389 के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान मध्यप्रदेश ने 38 गोल्ड, 27 सिल्वर और 26 कांस्य पदक के साथ कुल अंक 363 प्राप्त किया।

समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खेल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास के लिए अहम होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का बधाई दी। समारोह की अध्यक्षता कर रहे वन मंत्री केदार कश्यप ने आयोजन की सफलता के लिए वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में उत्तराखंड के वनमंत्री सुबोध उनियाल ने आगामी अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता उत्तराखण्ड में किए जाने की घोषणा की।

समारोह में नोडल ऑफिसर श्रीमती शालिनी रैना ने उत्तराखंड के वनमंत्री सुबोध उनियाल को प्रतियोगिता के ध्वज का हस्तांतरण किया। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 1992 से हो रहा है और यह छत्तीसगढ़ में तीसरी बार संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता वनों के संरक्षण पर आधारित है और इसमें वनरक्षक से लेकर विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया। समारोह में वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में इस खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया है। विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने खेल भावना और मेहमान नवाज़ी की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की संस्कृति, परम्परा और स्थानीय गीत-संगीत से प्रतिभागियों को रूबरू कराया गया। राज्य की संस्कृति और खान-पान की विशेषताएँ सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

समारोह में बॉलीवुड सिंगर सुवर्णा तिवारी के गीतों ने समां बांधा। इसके अलावा सुप्रसिद्ध बस्तर बैंड और छत्तीसगढ़ की लोकगाथा लोरिक चन्दा की शानदार प्रस्तुति दी गई। समापन समारोह में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव वन श्रीमती ऋचा शर्मा, केन्द्रीय वन महानिरीक्षक, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के.बी. सिंह और छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कसडोल स्वास्थ्य केन्द्र का स्वास्थ्य मंत्री ने किया निरीक्षण, जताई संतुष्टि



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बलौदाबाजार जिला प्रवास अंतर्गत कसडोल पहुंचकर शहीद संतराम साहू स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री जायसवाल ने अस्पताल में एनेस्थेसिया विशेषज्ञ की कमी को जल्द दूर करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डीएमएफ मद से भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, ओपीडी, आईपीडी, पोषण पुनर्वास केन्द्र, डेंटल, फिजियोथिरेपी, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे कक्ष, ट्रामा सेन्टर, ऑफिस, एनआरसी का निरीक्षण किया एवं वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। उन्होंने अस्पताल की साफ़-सफाई एवं मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ को सेवा भावना से मरीजों की बेहतर देखभाल करने के निर्देश दिए। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 200 ओपीडी, 35 आईपीडी, हर माह 55 डिलीवरी, प्रतिदिन 350 जाँच, प्रतिदिन 35 दंत रोग उपचार तथा प्रतिदिन 25 फिजियोथिरेपी की जा रही है। अस्पताल में 3 विशेषज्ञ चिकित्सक, 5 चिकित्सा अधिकारी सहित कुल 54 अधिकारी - कर्मचारी पदस्थ हैं। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950